दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 207 जयपुर, शनिवार, 06 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जयपुर सहित 20 शहरों में झमाझम




# करौली-टोंक में बाढ़ के हालात

बेधड़क। जयपुर

प्रदेश में सक्रिय मानसून से शुक्रवार को जयपुर सहित 20 शहरों में जोरदार बारिश हुई। मूसलाधार बारिश से करौली और टोंक में बाढ़ से हालत बन गए है। रेलवे लाइन, बाजार और कॉलोनियों में कई फीट पानी भर गया। टोंक में करीब एक दर्जन कच्चे मकान ढह गए। जिला प्रशासन बचाव राहत कार्यो में जुट गए है। जलसंसाधन विभाग के अनुसार शुक्रवार को सबसे ज्यादा टोंक के मालपुरा में 144 मिमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रतापगढ़, झालावाड़, भीलवाड़ा, जयपुर, सीकर, कोटा, चित्तौड़गढ़, डबोक , बीकानेर, धौलपुर, टोंक, बारां, डूंगरपुर, संगरिया, जालौर, सिरोही, फतेहपुर, करौली और माउंट आबू में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि परिसंचरण तंत्र दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश व आसपास के पूर्वी राजस्थान के ऊपर बना हुआ है तथा सतह से 5.4 किमी तक विस्तृत है। मानसून ट्रफ लाइन बीकानेर, सीकर से होकर गुजर रही है। शुक्रवार को पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने तथा जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर, उदयपुर संभाग के अनेक भागों में बारिश होने तथा कहीं-कहीं अतिभारी बारिश दर्ज की गई। टोंक व आसपास के जिलों में एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश दर्ज की गई।

### जयपुर में जमकर बरसे मेघ

जयपुर में शुक्रवार को जोरदार बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया, इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जयपुर में अलसुबह हल्की बारिश हुई। इसके बाद दोपहर एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश का दौर चला। जयपुर में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई। जयपुर के माधोराजपुरा में 43 मिमी बारिश दर्ज गई।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 270 मिमी | 126 मिमी | 122 मिमी | 122 मिमी | 117 मिमी | 114 मिमी | 80 मिमी |
| मालपुरा | टोडारायसिंह | अलीगढ़ | उनियारा | महावीरजी | करौली | हिंडौली |

### आज भी भारी बारिश का अलर्ट

पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 6 जुलाई को भी बारिश की गतिविधियां जारी रहने व कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। 7-8 जुलाई को भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा उत्तर-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश दर्ज होने की संभावना है। इसके बाद 9-10 जुलाई से पुनः पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग में आगामी 2-3 दिन दोपहर बाद मेघगर्जन, आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। जोधपुर संभाग के पूर्वी व उत्तरी भागों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।



**टोंक: जिला मुख्यालय से 50 गांवों का टूटा संपर्क**

टोंक जिले में जलभराव के बाद पीपलू उपखंड समेत करीब 50 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। जिले के मालपुरा कस्बे के नमूकिया में सहोदरा नदी में तीन युवक फंस गए, जिन्हें एसडीआरएफ की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया। टोंक जिले के मालपुरा में 270 एमएम से ज्यादा बरसात दर्ज की गई। इस दौरान जिले के नदी-नाले उफान पर रहे तो निचले इलाकों समेत बाजारों में पानी भर गया।

### बीसलपुर बांध में एक दिन में आया 40 सेंटीमीटर पानी

बीसलपुर बांध कैचमेंट एरिए में 141 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे बीसलपुर बांध में पानी की आवक शुरू हो गई है। बांध में एक दिन में 40 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। बीसलपुर बांध का जलस्तर बढ़कर 310.08 आरएलमीटर हो गया है। सुबह बीसलपुर बांध का जलस्तर 309.69 आरएलमीटर था। हालांकि त्रिवेणी नदी में पानी की आवक शुरू नहीं हुई है। बीसलपुर बांध से जयपुर, टोंक, अजमेर सहित कुछ अन्य जिलों को पीने के पानी की सप्लाई की जाती है। इससे रोजाना बांध का जलस्तर एक सेंटीमीटर कम हो जाता था। बांध के कैचमेंट एरिए में बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा।

## जरूरी खबर

### पूर्व डीजीपी एमएल लाठर मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त



**जयपुर।** पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में DGP रहे मोहनलाल लाठर को भजनलाल सरकार में प्रदेश का नया मुख्य सूचना आयुक्त बनाया गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र के आदेश पर शुक्रवार को तीन सूचना आयुक्त भी नियुक्त किए गए हैं। इनमें सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा का नाम शामिल है। मुख्य सूचना आयुक्त और तीनों आयुक्तों की नियुक्ति तीन साल के लिए हुई है। इन पदों पर 3 साल या 65 साल तक की आयु पूरी होने तक नियुक्ति का प्रावधान है।

### सतीश पूनिया को बनाया हरियाणा का भाजपा प्रभारी



**नई दिल्ली।** भाजपा ने 24 राज्यों में नए प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में बदलाव की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब यह नियुक्तियां पार्टी के संगठनात्मक परिवर्तन की शुरुआत मानी जा रही हैं। देश के अलग-अलग राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने यह आदेश जारी किया है। राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को हरियाणा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

-पेज 7 भी देखें

### JAS-2024 का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया आगाज, कहा...

# ‘राज्य सरकार के प्रयासों से सुगम होगा रत्न-आभूषण का कारोबार

बेधड़क। जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर विश्व पटल पर रत्न आभूषणों के लिए विख्यात है। जेम्स ज्वैलरी बिजनेस राज्य की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, साथ ही रोजगार सृजन का भी मुख्य साधन हैं। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार इस उद्योग को बढ़ावा देने तथा उद्यमियों के लिए व्यापार को सुगम बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है।

सीएम शुक्रवार को ज्वैलरी एसोसिएशन द्वारा सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित जस-2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि जयपुर में बनाए गए आभूषण अपनी खूबसूरती और शिल्प कौशल के लिए दुनियाभर में पहचाने जाते हैं। इसी वजह से राज्य सरकार द्वारा ‘एक जिला एक उत्पाद’ योजना के तहत जयपुर में रत्न एवं आभूषणों को चिह्नित किया गया है। इसके तहत राज्य सरकार इस क्षेत्र को और अधिक विकसित बनाने के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्थान के कुल निर्यात में रत्न-आभूषणों की हिस्सेदारी 11 हजार 183 करोड़ रुपए की रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाया है। इससे आभूषण उद्योग और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर जेम्स एंड ज्वैलरी पार्क स्थापित किया जाएगा, जिससे एक लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे इस उद्योग में लगे कारीगरों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए और अधिक कार्य करें। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में आभूषण केवल सौंदर्य की वस्तु ही नहीं हैं बल्कि इसका सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व भी है। आमजन का जौहरी पर विश्वास रहता है जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ता रहता है। इससे पहले सीएम ने फीता काटकर ‘जस-2024’ के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने जेम्स वर्ल्ड मैग्जीन का लोकार्पण भी किया। इसके बाद उन्होंने वहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### जेम्स ज्वेलरी पार्क से लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार




#### विकसित भारत-विकसित राजस्थान की परिकल्पना को करेंगे साकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की परिकल्पना के तहत अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आगे लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी अपने नागरिक होने के कर्तव्यों का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासी विकसित भारत-विकसित राजस्थान के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सुझाव दें जिससे इस परिकल्पना को साकार किया जा सके।

### राष्ट्रपति ने परिजनों को दिया वीरता पुरस्कार

# राजस्थान के शहीदों को मरणोपरांत मिला शौर्य चक्र



बेधड़क । जयपुर

प्रदेश के शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा और शहीद मेजर विकास भांभू को शुक्रवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में मरणोपरांत शौर्यचक्र दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीरता पुरस्कार शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातेमा, पिता जकीउद्दीन बोहरा को दिया। मुस्तफा शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त करने वाले उदयपुर जिले के पहले शहीद सैन्य अधिकारी है। कार्यक्रम में जब मुस्तफा की मां फातेमा को शौर्य चक्र प्रदान किया गया तो उनकी आंखे नम हो गई। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शहीद मेजर मुस्तफा के माता-पिता के साथ दुबई से आई उनकी बहिन डॉ. अलीफिया मुर्तजा अली भी शामिल हुई। कार्यक्रम में हनुमानगढ़ जिले के गांव रामपुरा निवासी शहीद मेजर विकास भांभू को भी मरणोपरांत शौर्य चक्र प्रदान किया गया। शहीद विकास की धर्मपत्नी श्रेया चौधरी और माता सुखवंती को वीरता पुरस्कार प्रदान किया। विकास अरुणाचल प्रदेश में शहीद हो गए थे।

शहीद विकास की मां और धर्मपत्नी की आंखें भी वीरता पुरस्कार लेते समय नम हो गई। राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह-2024 (चरण-1) में वीरता पुरस्कार प्रदान किए गए।

### एसओजी का एक्शन

# फर्जी डिग्रियों के खेल में दो निजी यूनिवर्सिटी के मालिक अरेस्ट

बेधड़क। जयपुर

प्रदेश की भर्ती परीक्षाओं में फर्जी डिग्री से नौकरी हासिल करने के खेल का भंडाफोड़ करते हुए एसओजी ने एक निजी यूनिवर्सिटी के संस्थापक और दूसरी निजी यूनिवर्सिटी के मालिक को गिरफ्तार किया है। अब इन दोनों से एसओजी के अधिकारी पूछताछ में जुटे हैं।

एसओजी-एटीएस के डीआईजी परिस देशमुख ने बताया कि फर्जी डिग्री के मामले में राजगढ़ (चूरू) स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संस्थापक जोगेंद्र सिंह और सनराइज यूनिवर्सिटी व एमके यूनिवर्सिटी के मालिक- पार्टनर जितेंद्र यादव को अरेस्ट किया गया। ओपीजेएस विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार रही एक महिला सरिता कड़वासरा को भी रोहतक में हिरासत में लिया गया है। वह जोगेंद्र की महिला मित्र भी है.

डीआईजी ने बताया कि ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संस्थापक जोगेंद्र सिंह ने राजस्थान से लेकर बिहार और उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों तक फर्जी डिग्री बेचने का जाल बिछा रखा है। जितेंद्र यादव ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार रहा था। बाद में उसने पार्टनरशिप में अलवर में सनराइज यूनिवर्सिटी खोली और पाटन में एमके यूनिवर्सिटी शुरू की, जबकि जोगेंद्र सिंह रोहतक में स्कूल भी चलाता है। जोगेंद्र ने बारां में और जितेंद्र ने बूंदी में एक-एक नए विश्वविद्यालय खोलने की तैयारी कर रखी है। इनके लिए दलालों का एक पूरा नेटवर्क काम करता है।



### ऐसे चलाते थे फर्जी डिग्री गिरोह

डीआईजी ने बताया कि पीटीआई भर्ती में 1300 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन में जानकारी दी कि उनके पास ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की बीपीएड की डिग्री है, जबकि यहां बीपीएड की महज 100 सीट हैं। उन्होंने बताया कि फर्जी डिग्री गिरोह से जुड़े बदमाश बिना डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को किसी भी परीक्षा में आवेदन करवा देते हैं, फिर वह परीक्षा देता है या उसकी जगह डमी अभ्यर्थी बिठाकर परीक्षा पास करवाई जाती है। परीक्षा पास होने पर अभ्यर्थी को फर्जी डिग्री मुहैया करवाकर नौकरी लगवा दी जाती है। बदले में मोटी रकम वसूल की जाती है। उन्होंने बताया कि पीटीआई भर्ती में 80 से ज्यादा चयनित अभ्यर्थियों के पास ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की डिग्री है। ये सभी अभ्यर्थी भी जांच के दायरे में हैं।

### देते थे फर्जी खेल प्रमाण पत्र भी

डीआईजी ने बताया कि फर्जी डिग्री के साथ ही आरोपी फर्जी खेल प्रमाण पत्र भी मुहैया करवाते थे। खेल प्रमाण पत्र के लिए किसी कॉलेज का स्टूडेंट होना जरूरी है। ऐसे में आरोपी फर्जी तरीके से अभ्यर्थी को यूनिवर्सिटी में दाखिला देते और उसके नाम पर खेल प्रमाण पत्र जारी करवा देते। बदले में मोटी रकम वसूलते थे। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों से फर्जी डिग्री और प्रमाण पत्र लेकर बड़ी संख्या में सरकारी नौकरी हासिल की गई है, उन सभी को भी जांच में शामिल किया जाएगा। जोगेंद्र के खिलाफ फर्जी डिग्री के मामले में पहले भी कई प्रकरण दर्ज हैं। पड़ताल में सामने आया है कि ये शातिर फर्जी डिग्री के नाम पर युवाओं से धोखाधड़ी भी करते हैं। एक बार कोई सौदा तय होने के बाद ये ज्यादा रुपए की डिमांड करते और ज्यादा रुपए नहीं देने पर डिग्री नहीं देते थे।

## जरूरी खबर

### प्रत्येक पंचायत में 2 हजार पौधे लगाएं: विधायक



**चाकसू।** चाकसू विधायक रामवतार बैरवा ने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया तथा बालिका विद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत में 2 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक ने स्कूल में विधायक कोटे से टीन शेड की घोषणा की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रामधन सैनी, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा आदि मौजूद रहे।

### अंग्रेजी एवं सामाजिक की अतिरिक्त सूची जारी

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच के लिए अंग्रेजी विषय के 126 तथा सामाजिक विज्ञान विषय के 375 अभ्यर्थियों की अतिरिक्त विचारित सूची जारी की गई है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा के तहत अंग्रेजी विषय की विचारित सूचियां 8 जनवरी एवं 23 अप्रैल को जारी की गई थी। सामाजिक विज्ञान विषय की विचारित सूचियों को 9 जनवरी एवं 25 अप्रेल को जारी किया गया था। इनमें अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाए जाने के कारण अतिरिक्त अभ्यर्थियों को विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है।

### बेटी लक्ष्मी का रूप, करती है दो परिवारों को रोशन



**चाकसू।** समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता हीरालाल चंदेल व धर्मपत्नी सुनिता देवी अपनी पौत्री राधे रानी का पहला जन्मदिन सादगी से मनाया। इस अवसर पर भोले नाथ का जलाभिषेक किया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद पौधरोपण कर हरित राजस्थान का संदेश दिया। साथ ही बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओं का संदेश भी दिया। कहा बेटी लक्ष्मी का रूप हैं, दो परिवारों को रोशन करने वाली हैं। इस मौके पर आचार्य पंडित मुकेश शर्मा के सानिध्य में कार्यक्रम में हीरालाल चंदेल, हिमांशु, आदर्श, चंदेल परिवार सहित कांग्रेस सेवादल के जिला संरक्षक साधु राम वर्मा, जयपुर जिला ग्रेटर अध्यक्ष मदनलाल निर्वाण, सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अशो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

---

**जलदाय विभाग की अभिनव पहल,** जल संग्रहण व संरक्षण पर राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित

# प्रदेश में एक ही दिन में लगाए गए 1 लाख पौधे: कन्हैया लाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में जल संरक्षण और हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से जलदाय मंत्री कन्हैया लाल के निर्देशन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने अभिनव पहल करते हुए पूरे प्रदेश में एक लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू किया।

जलदाय मंत्री ने जल भवन में पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की और जल भवन में 500 पौधे लगाए गए। अभियान के शुभारंभ पर जलदाय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों को बचाना जरूरी है। जहां पेड़ बचाए जाते हैं वहां प्रकृति सुरक्षित हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हमने प्रदेश भर में जलदाय विभाग के सभी कार्यालयों, संस्थाओं, पंप हाउसों में एक ही दिन में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

## ■ जलदाय मंत्री ने किया शुभारंभ जल भवन में लगाए गए 500 पौधे




### जल को बचाने के लिए आज से ही करना होगा संकल्प

उन्होंने कहा कि अत्यधिक जल दोहन, जल की बढ़ती मांग और भूजल के कम रिचार्ज होने के कारण राजस्थान के कई क्षेत्र डार्क जोन में सम्मिलित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सबसे बड़ा संकट जल का होगा और जल को बचाने के प्रयास हमें आज से करने होंगे।
कन्हैयालाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हम पेड़ लगाएं और उसे बचाने की जिम्मेदारी भी लें। जलदाय मंत्री ने इस बार पड़ी भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश भर में पानी की सुचारू सप्लाई, अवैध कनेक्शन काटने और पानी के उचित वितरण के लिए अपने विभाग के अधिकारियों, इंजीनियरों, कर्मचारियों का धन्यवाद दिया।

### वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट के नियमों का करें पालन

शासन सचिव जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी डॉ. समित शर्मा ने प्रदेश में गिरते भूजल स्तर का उदाहरण देते हुए बताया कि यदि भूमि में 100 लीटर पानी जाता है तो 148 लीटर का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बड़े पार्कों, होटल, मैरिज गार्डन, हॉस्पिटल और भवनों को राजस्थान सरकार की टाउनशिप पॉलिसी के तहत वर्षा जल संग्रहण और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट के नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे 50 प्रतिशत से अधिक पानी का पुनः उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर पानी को लेकर राज्य स्तरीय कार्य योजना तैयार करने के लिए जल भवन के कांफ्रेंस हॉल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया। सेमिनार में राजस्थान में जल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं के करीब 70 से अधिक प्रतिनिधियों में भी भाग लिया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री क्षमण सिंह लापोड़िया, पद्मश्री हिमताराम नागौर एवं अन्य विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जलदाय मंत्री ने सभी को जल बचाने की जल शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के मिशन निदेशक बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव प्रथम प्रवीण लेखरा सहित मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी** बड़ी सादड़ी में बोले...

# हिन्दुओं को बदनाम करने की साजिश बर्दाश्त नहीं: जोशी

**बेधड़क** | चित्तौडगढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने बड़ी सादड़ी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे, जहां अनेक स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने उनका जोरदार स्वागत किया। सीपी जोशी ने लोकसभा चुनाव में मिले सहयोग एवं समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने इस दौरान मतदाता सम्मेलन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की 240 सीटें आई है, कांग्रेस तीन चुनावों में भी इतनी सीटें हासिल नहीं कर पाई। केन्द्र में लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से कांग्रेस में छटपटाहट हो रही है। लोकसभा में जिस प्रकार का व्यवहार कर हिन्दू समाज को बदनाम करने और नीचा दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, हिन्दू समाज को गालियां दी जा रही है उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लोकसभा चुनाव के समय भी कांग्रेस ने जनता को बरगलाने और सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रांतियां फैलाने का काम किया था, लेकिन जनता ने नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता पहले भी हिन्दू आतंकवाद कह चुके है। क्या उन्हें यह नहीं पता कि कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं कौन कर रहा है, संसद में, जयपुर में सोमनाथ में आतंकवादी घटनाएं किसने की, घुसपेठियों की तरह देश में आकर कौन विचलित करने का काम कर रहा है। हिन्दू कोई धर्म नहीं एक विचारधारा है जिसे दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और आखिरी के 6 महिनों में ही काम किया। जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सत्ता में आने के 6 महिनों में संकल्प पत्र के 40 से 45 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा करने के साथ ही जनहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का काम किया। कांग्रेस ने ईआरसीपी को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह किया लेकिन भाजपा की सरकार ने काम करते हुए मध्य प्रदेश की सरकार के साथ एमओयू किया। शीघ्र ही काम भी शुरू हो जाऐगा।



### एक पेड़ मां के नाम लगाएं: पीएम मोदी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड मां के नाम लगाने का आह्वान किया था। इसके तहत भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनके जन्म दिन 6 जुलाई तक वृक्षारोपण का अभियान चलाया है। सभी अपनी मां के नाम पेड़ लगाकर उसे सोशल मीडिया पर डाले और हर पंचायत में 370 पौधे लगाने का काम करें और यह संदेश दे कि कश्मीर से धारा 370 हटाने का जो सपना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संजोया था उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया।

### कार्य समिति की तैयारियों को लेकर समितियों के कार्यो का बंटवारा

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने वृहद प्रदेश कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि कार्य समिति बैठक को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सीतापुरा के जयपुर एग्जिबिश्न एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित होगी। वृहद कार्यसमिति बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, प्रदेश स्तरीय नेता, भाजपा विधायक, मंत्रियों के साथ जिला स्तर के पदाधिकारी और मंडल स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम दक, भाजपा जिलाध्यक्ष मिठू लाल जाट, पूर्व विधायक ललित ओस्तवाल, भूमि विकास बैंक चेयरमैन बद्री लाल जाट सहित जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**जुलाई में ही छात्रों के पास होंगी किताबें**

# सरकारी स्कूलों में मनेगा रक्षाबंधन व रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब रक्षाबंधन और रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सवपूर्वक मनाया जाएगा। शुक्रवार को कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए शिक्षण सत्र के दौरान आयोजित होने वाली बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित निपुण कैलेंडर का विमोचन किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को निपुण कैलेंडर जारी करते हुए कहा कि इस कैलेंडर को पढ़कर बच्चे संस्कार भी लेंगे। कुछ अच्छी आदतें भी डालेंगे, क्या खाना चाहिए, क्या नहीं खाना चाहिए, इसका भी उल्लेख कैलेंडर में है। मदन दिलावर ने बताया कि कुछ उत्सव मनाने का भी उल्लेख इस कैलेंडर में किया गया है। खुशी की बात ये है कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को धूमधाम से मनाने का उल्लेख भी किया गया है। कोशिश यही है कि रक्षा बंधन के एक दिन पहले सभी स्कूलों में रक्षाबंधन पर्व मनाएं, ताकि सभी बच्चों में भाई-बहन या भाई-भाई जैसा सद्भाव बना रहे।

शुक्रवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह हुआ। यहां दावा किया गया कि प्रदेश के 66 हजार राजकीय विद्यालयों तक छात्रों को पाठ्य पुस्तक पहुंचाई गई। इसे लेकर दिलावर ने कहा कि वो अपने जीवन का पहला कार्यक्रम देख रहे हैं, जिसमें जुलाई का पहला सप्ताह खत्म होने से पहले राजस्थान के सभी छात्रों के हाथों में नई पाठ्य पुस्तक पहुंच गई हैं, अन्यथा जनवरी-फरवरी तक भी, यानी परीक्षा निकट आ जाती थी, तब तक भी बच्चों के हाथों में पाठ्य पुस्तक नहीं होती थी।

---

**विधानसभा अध्यक्ष ने टाटा पावर** अफसरों को दिए निर्देश


# बिजली सप्लाई के प्रति अव्यवस्था और लापरवाही न हो: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने टाटा पावर को अजमेर के विद्युत संबंधी सेवाओं में कोताही ना बरतने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि शहर की बिजली व्यवस्था के प्रति किसी भी तरह की अव्यवस्था और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

टाटा पावर के अधिकारियों ने जयपुर जाकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को बिजली व्यवस्था से संबंधित सफाई दी। उन्होंने अब तक किए गए प्रयासों के बारे में अवगत कराया।

इस बातचीत में देवनानी ने कहा कि टाटा पावर को शहर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए फ्रेंचाइजी दी गई थी।



लेकिन आमजन टाटा पावर की कार्यशैली और अव्यवस्थाओं से नाराज हैं। बिजली कटौती और गायब रहने की समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। टाटा पावर अपनी कार्यशैली सुधारे या कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि टाटा पावर अजमेर डिस्कॉम को यह बताए कि अजमेर शहर में एल.टी. व एच.टी. लाईन्स संबंधी मेंटिनेंस के लिए विद्युत क्षेत्र में वर्तमान में कितनी मैन पावर टीम कार्य कर रही है । उनके अधीनस्थ कितने कर्मचारी कार्यरत है। इसकी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए।

---

**लगातार 3 दिन अनुपस्थित रहने पर पुलिस को देनी होगी सूचना**

# यूनिक आईडी से होगी कोचिंग स्टूडेंट की पहचान

**बेधड़क** | कोटा

कोचिंग संस्थाओं और हॉस्टल संचालकों की शुक्रवार को जिला कलेक्टर ने बैठक ली। इसमें कोचिंग संस्थानों को एक मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश दिए। यह 15 जुलाई के बाद लागू होगा। जिसमें कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के समय ही विद्यार्थियों को यूनिक आईडी देंगे। यह अल्फा-न्यूमरिक होगी।



इस यूनिक आईडी से कोचिंग छात्र की एक विशेष पहचान रहेगी। उन्होंने कहा कि कोचिंग क्लासेज में प्रतिदिन अटेंडेंस का सिस्टम बनाया जाए और किसी बच्चे के 3 दिन तक लगातार क्लास में नहीं आने पर संस्थान कारणों का पता लगाएं। इसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस को देना होगा, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि कोचिंग संस्थानों की एक डेडीकेटेड टीम समय-समय पर हॉस्टल व पीजी की विजिट करेगी व बच्चों से बात करेगी। कोचिंग संस्थान से टीचर के अलावा भी अन्य व्यक्ति जाकर हॉस्टल में रह रहे बच्चों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में पता करें। उन्होंने कहा कि घर से दूर रहकर पढ़ रहे विद्यार्थियों को अपनेपन का अहसास कराने के लिए पर्सनल टच भी जरूरी है। उन्होंने कोचिंग संस्थानों के टॉप मैनेजमेंट के लोगों का भी आह्वान किया। डॉ गोस्वामी का कहना है कि फैकल्टी व पैरेंट्स के लिए आचार संहिता बनाने के साथ ही पैरेंट्स की काउंसलिंग करवाई जाएगी। जिन्हें अन्य कॅरियर ऑरिएन्टेड कोर्सेज की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने हॉस्टल के साथ ही हर पीजी में एंटी हैंगिंग डिवाइस, सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी, शिकायत ड्रॉप बॉक्स, पुलिस हेल्पलाइन व कंट्रोल रूम के नंबर डिस्प्ले करने के भी निर्देश दिए।

---

**बृज विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 95 हजार विद्यार्थियों को बांटी डिग्री**

# विद्यार्थी महाराजा सूरजमल के जीवन से लें प्रेरणा: मिश्र

**बेधड़क** | भरतपुर/डीग

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चतुर्थ दीक्षांत समारोह हुआ। समारोह में अध्यक्ष के रूप में राज्यपाल कलराज मिश्र और विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण एवं रजत पदक और डिग्रियां प्रदान की।

समारोह में 70 स्वर्ण पदक, 17 रजत पदक, 31 पीएचडी डिग्री और कुल 95,400 डिग्री प्रदान की गईं। बृज विश्वविद्यालय की यह डिग्रियां 22 प्रकार के विभिन्न सुरक्षा फीचरों से युक्त हैं। यह डिग्री ना तो फटेगी, ना ही पानी से गलेगी और ना ही इन डिग्रियों की डुप्लीकेसी की जा सकेगी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीक्षांत समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

उन्होंने छात्रों से कहा कि वे इसी प्रकार से दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ते रहे और कड़ी मेहनत करते हुए अपने लक्ष्यों को अर्जित करें। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल के जीवन का भी वर्णन किया एवं सभी को उनके दूरदर्शिता, कुशल प्रशासन और उनकी महानता से प्रेरणा लेने की बात कही। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा में मिसाल कायम करने को कहा गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए समाज व राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को अपना योगदान देना होगा। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी, नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर वेंकटरमन रामाकृष्णन, नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर कार्ल बैरी शार्पलेस, प्रोफेसर गोवर्धन मेहता एवं प्रोफेसर सतीश त्रिपाठी को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी वीसी के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।



### कई खूबियां है डिग्री में

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय की डिग्री 22 प्रकार के सुरक्षा फीचर से युक्त हैं। विश्वविद्यालय की डिग्री ए 4 साइज की पीईटी सीट से तैयार की गई है। डिग्री में यूवी वैलिडेशन स्टाम्प का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें बृज विश्वविद्यालय का स्टाम्प छपा हुआ है। साथ ही इसमें विवि का इनविजिबल लोगों छपा हुआ है। डिग्री में क्यूआर कोड, बार कोड और विद्यार्थी का फोटो भी लगा हुआ है। साथ ही इसमें एंटी कॉपी फीचर भी है। ये सभी फीचर डिग्री को तमाम तरह की सुरक्षा प्रदान करते हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, डीग कलेक्टर श्रुति भारद्वाज, डीग एसपी राजेश मीणा, बृज विश्वविद्यालय के कुलपति समेत समस्त स्टाफ मौजूद था।

---

# 'इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राईट' विषय पर हुई कार्यशाला

**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राईट विषय पर 5 ओर 6 जुलाई को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, प्रमोशन एंड मैनेजमेंट सेल (सीआईपीएएम), डीपीआईआईटी, भारत सरकार, आईपीआर और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सेल के साथ संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, प्रति कुलपति प्रो. आर के जोशी, प्रो अनुपम श्रीवास्तव, सीआईपीएएम की उप प्रबंधक गिन्नी सभरवाल ने किया। कार्यशाला में संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, पीजी और पीएचडी विद्वानों के लिए दो दिवसीय आईपीआर जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित कर रहे हैं। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राईट यानी बौद्धिक सम्पदा अधिकार मानव मस्तिष्क के विचारों से उत्पन्न एक उपज हैं। दुनिया के देश कई सदियों से अपने अलग कानून बना कर इस मानव मस्तिष्क से उत्पन्न विचारों को सुरक्षित करते आ रहें हैं। कार्यशाला में विशेषज्ञ डॉ अंकिता जैन, आकाश चौधरी, अजय कुमा, शिक्षकों, शोधार्थी ओर विद्यार्थियों ने चर्चा की।

## जरूरी खबर

### जमानत रद्द, पूर्व-विधायक को करना होगा सरेंडर



**जयपुर।** धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में एईएन और जेईएन को पीटने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। एईएन हर्षदापति की याचिका पर शुक्रवार को जस्टिस फरजंद अली की अदालत ने मलिंगा की जमानत को निरस्त करते हुए उन्हें 30 दिन में सरेंडर करने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने 2 साल पहले गिर्राज सिंह मलिंगा को कोरोना के चलते जमानत दी थी। शुक्रवार को एईएन हर्षदापति की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने माना कि मलिंगा ने जमानत का मिस यूज किया। इसके चलते कोर्ट ने उनकी जमानत को निरस्त कर दिया। हर्षदापति की ओर से पैरवी वकील एके जैन ने कहा- मलिंगा ने कोर्ट से कोरोना का बहाना बनाकर जमानत का लाभ लिया था।

### 900 सीए सदस्यों को मिलेंगे मेंबरशिप सर्टिफिकेट

**जयपुर।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की सेन्ट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की ओर से 7 जुलाई को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। वैशाली नगर स्थित आरबी डंगायाच ऑडिटोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम में संस्थान द्वारा 900 नए सीए सदस्यों को मैंबरशिप सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में समन्वयक व सेन्ट्रल काउंसिल मैंबर सीए प्रकाश शर्मा और समन्वयक व सेन्ट्रल काउंसिल मैम्बर सीए (डॉ०) रोहित रूवाटिया अग्रवाल नए सीए सदस्यों को मैंबरशिप सर्टिफिकेट प्रदान करेगें। समारोह में राजस्थान राज्य के नए सीए सदस्यों जिनको मैंबरशिप 1 नवम्बर 2023 से 15 जून 2024 तक मिली है, वे सभी भाग लेंगे। समारोह में लगभग 9821 सीए सदस्य पूरे भारत से आएंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मिशन मोड में...

# फार्मासिस्ट भर्ती: 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची जारी

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मिशन मोड में प्रयास कर बहुप्रतीक्षित फार्मासिस्ट भर्ती में 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची शुक्रवार को जारी कर दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंजूरी के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में विभाग लंबे समय से अटकी हुई भर्तियों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में करीब 10 साल पहले फार्मासिस्ट भर्ती हुई थी। इसके बाद वर्ष 2023 में विज्ञापित फार्मासिस्ट भर्ती को विभिन्न कानूनी पेचीदगियों, एफआईआर, चुनावी आचार संहिता, अंकतालिकाओं का सत्यापन, संसाधनों की सीमितता के चलते पूरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण था। इस भर्ती में सबसे बड़ी बाधा अंकतालिकाओं की वैधता की जांच करवाना था। इसके लिए विभाग ने 25 टीमों का गठन किया। इन टीमों ने दूसरे राज्यों में जाकर करीब 4 हजार अंकतालिकाओं का सत्यापन किया। न्यायालय में इस भर्ती को लेकर विचाराधीन प्रकरणों में विभाग ने पुरजोर पैरवी कर भर्ती की राह खोली। चुनावी आचार संहिता के दौरान शिथिलन प्राप्त कर इस कार्य को गति दी गई। इसी का परिणाम रहा कि रिकॉर्ड समय में फार्मासिस्ट भर्ती की अंतिम वरीयता सूची जारी हो सकी है।




### 276 अभ्यर्थियों का परिणाम प्रतीक्षा में

निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा ने बताया कि 3067 पदों पर फार्मासिस्ट भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। अंकतालिकाओं के सत्यापन के बाद 2819 अभ्यर्थियों की वरीयता सूची तैयार की गई है। इनमें से 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 276 अभ्यर्थियों का परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है एवं 248 पदों का बैकलॉग रहा है। जिन अभ्यर्थियों परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है, उनके दस्तावेजों की विभागीय स्तर पर जांच उपरांत समयबद्ध रूप से नियमानुसार वरीयता सूची जारी की जाएगी।

### चयन सूची का कार्य प्रक्रियाधीन

उल्लेखनीय है कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से अराजपत्रित संवर्ग के विभिन्न 20 हजार 630 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को गति दी गई है। इनमें से नेत्र सहायक, डेंटल टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के 3105 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, फार्मासिस्ट के 2543 पदों के लिए अंतरिम वरीयता सूची जारी की जा चुकी है। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नर्सिंग ऑफिसर सहित शेष पदों के लिए चयन सूची जारी किए जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है।

12 घंटे बाद भी ठीक नहीं कर पाया नगर निगम, लोग हो रहे परेशान

# विद्याधर नगर में धंसी सड़क बीचों बीच बना 18 फुट गड्ढा!

**बेधड़क** | जयपुर

मानसून के पहले दौर की बरसात ने ही नगर निगम प्रशासन के दावों की पोल खोलकर रख दी है। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 37 और 40 में बनी 80 फीट लिंक रोड पर शुक्रवार सुबह सड़क धंस गई। इससे 15 फुट चौड़ा और 18 फुट गहरा गड्ढा हो गया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान वहां से कोई गुजर नहीं रहा था, इसलिए बड़ा हादसा नहीं हुआ।

सड़क धंसने के बाद खातीपुरा से कालवाड़ रोड को जोड़ने वाली लिंक रोड पर आम लोगों की आवाजाही को बंद कर दिया गया है। 12 घंटे बाद भी शुक्रवार रात तक नगर निगम की टीम गड्ढे को भरकर ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने का काम पूरा नहीं कर पाई है। इसकी वजह से स्थानीय निवासियों को परेशान होना पड़ रहा है।




### ड्रेनेज सिस्टम में लीकेज की वजह से हुआ गड्ढा

स्थानीय निवासियों ने बताया कि 25 साल पुरानी सीवरेज लाइन लीक हुई थी। इसकी वजह से सड़क के बीचों-बीच बड़ा गड्ढा हो गया है। सुबह से नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौका मुआयना कर गड्ढा भरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक इसका समाधान नहीं हुआ है। पिछले 25 साल से इस सीवरेज लाइन को न तो सुधार गया, न ही इसकी कभी सफाई हुई। इसके बाद इस सीवरेज लाइन के जाम होने की वजह से गड्ढा हुआ है। लोगों ने मांग की कि ड्रेनेज सिस्टम को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह क्या हादसा ना हो।

### सुबह आठ बजे की घटना

दरअसल, बीती रात से लगातार हो रही बारिश के बाद शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे शिवपुरी ए कॉलोनी में 80 फीट लिंक रोड में गड्ढा हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन को इसकी जानकारी दी। इसके कुछ घंटे बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। गड्ढे को दुरुस्त करने के काम में जुटी, लेकिन रात तक भी नगर निगम की टीम सड़क के बीचों बीच हुए इस बड़े गड्ढे को भरने का काम पूरा नहीं कर पाई है। इसकी वजह से अब स्थानीय लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### टीम सही करने में जुटी

वार्ड नंबर 40 के पार्षद विजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम में लीकेज की वजह से गड्ढा हुआ है। सुबह से नगर निगम की टीम इस गड्ढे को दुरुस्त करने में जुटी हुई है, लेकिन फिलहाल सफलता नहीं मिली है। हम खुद भी मौके पर ही मौजूद हैं। जल्द से जल्द इस लीकेज को ढूंढ कर गड्ढे को ठीक किया जाएगा, ताकि फिर से लिंक रोड पर वाहनों का आवागमन शुरू हो सके।

थोक कचरा उत्पादक कार्यशाला

## 100 किलो से अधिक उत्पादन करने वाले खुद कर रहे कचरा निस्तारण



**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवार को हेरिटेज निगम की ओर से थोक कचरा उत्पादक (बीडब्ल्यूजी) को लेकर निगम मुख्यालय में कार्यशाला आयोजित की, जिसमें होटल, स्कूल और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। इस संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि 100 किलो से अधिक कचरा उत्पादन करने वाली संस्थाओं को अपने स्तर पर ही कचरे का निस्तारण करना होता है। शहर में अधिकतर होटल और शिक्षण संस्थाओं में ऑर्गेनिक वेस्ट कंपोस्टर मशीन के जरिए कचरे की खाद भी बनाई जा रही है। कार्यशाला में हेरिटेज निगम की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल सहित अन्य निगमकर्मी भी मौजूद रहे।

### पीएम स्वनिधि योजना: पहचान पत्र बांटे

**जयपुर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत हेरिटेज निगम की ओर से मुख्यालय लगाए गए शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन श्रमयोगी योजना, राशन कार्ड योजना और जननी सुरक्षा योजना के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा स्ट्रीट वेंडर्स को पहचान पत्र भी वितरित किए गए हैं। कैम्प शनिवार को भी लगेगा। जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि शिविर में स्ट्रीट वेंडर्स और असंगठित कार्य करने वाले लोगों को पीएम स्व निधि योजना से जोड़ा जा रहा है। इस योजना में दस हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का लोन दिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, बिल्डिंग एवं अन्य निर्माण श्रमिक योजना, पीएम मातृ वंदन योजना, जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री जनधन योजना ये भी आमजन को जोड़ा जा रहा है।

8 को गुलाबी नगरी में गूंजेगा महासंकीर्तन

## हाइड्रोलिक रथ पर विराजेंगे जगन्नाथ

**बेधड़क** | जयपुर

हरे कृष्ण मूवमेंट की ओर से 8 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए भक्त कृष्ण बलराम मंदिर में इस वार्षिक रथयात्रा की तैयारियों में व्यस्त हैं। रथयात्रा का शुभारंभ जयपुर होटल (कलेक्ट्रेट सर्कल के पास) से होगा इसके बाद खासा कोठी पुलिया, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा (एमआई रोड), पांच बत्ती सर्किल से अजमेरी गेट फिर न्यू गेट से होते हुए अल्बर्ट हॉल म्यूजियम रोड की ओर से शाम 8:15 बजे शिव सत्संग भवन पर समाप्त होगी। भगवान् जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा हाइड्रोलिक रथ पर सवार होकर गुलाबी नगरी में भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए निकलेंगे। हजारों भक्तगण रथ को हाथों से खींचते हुए आगे बढ़ेंगे। यात्रा के दौरान भक्तों को प्रसाद और फल आदि का वितरण किया जाएगा।



दो गिरफ्तार, कब्जे से 7 स्कूटी-बाइक बरामद

## बाइक चुराते और बेचकर करते थे नशा

**बेधड़क** | जयपुर

श्याम नगर थाना पुलिस ने बाइक-स्कूटी चोरी करने वाले नशेड़ी दो दोस्तों को अरेस्ट किया है। चोरी किए वाहनों को शातिर बदमाश सुनसान जगह लावारिस खड़ा कर देते थे। बेचने पर मिलने वाले रुपयों से स्मैक खरीदकर नशा करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 7 स्कूटी-बाइक बरामद की है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि वाहन चोरी में आरोपी शिव चौधरी (20) निवासी जगदम्बा कॉलोनी करणी विहार और सोनू बंजारा (19) निवासी मोहर सिंह निवासी श्योपुर मध्य प्रदेश हाल बसंत विहार कॉलोनी करणी विहार को अरेस्ट किया है। दोनों शातिर वाहन चोर हैं। सूखे नशे (स्मैक) का शौक करते हैं। आरोपी शिव चौधरी का पिता दिलीप चौधरी करणी विहार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पिछले काफी दिनों से साउथ जिले में हो रही वाहन चोरी पर सीएसटी निगरानी रखे हुए थी। चोरी किए गए वाहनों के आस-पास मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन चोर शिव चौधरी और सोनू बंजारा को चिह्नित किया गया था। पुलिस टीम ने करणी विहार इलाके में गुरुवार रात दबिश देकर दोनों आरोपियों को अरेस्ट किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 7 बाइक-स्कूटी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर में एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदात करना कबूल किया है।



लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन

# महिलाओं को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बना रही 'मंशा'

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर क्लब में शुक्रवार से लाइफस्टाइल एग्जीबिशन मंशा की शुरुआत हुई। इसका उद्घाटन जयपुर ग्रेटर नगर निगम की मेयर सौम्या गुर्जर ने किया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। 'मंशा' का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है, जिसमें उन्हें उनके उत्पादों को प्रदर्शित और बेचने का अवसर प्रदान किया जाता है। महापौर सौम्या गुर्जर ने महिला उद्यमियों को समर्थन और सफलता के लिए संदेश दिया। इस प्रदर्शनी में हाथ से बने वस्त्र, हस्तशिल्प, आभूषण और अन्य कलात्मक उत्पादों की विविधता प्रदर्शित की गई, जो राजस्थान की महिलाओं की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और उद्यमिता को दर्शाती है।



### प्रदर्शनियों के समर्थन की अपील

विजिटर्स को राजस्थान की योजनाकार महिलाओं के सृजनात्मकता और कुशलता का विविध प्रदर्शन देखने को मिला। महापौर सौम्या गुर्जर ने महिला समानता को बढ़ावा देने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के इस प्रकार के पहलों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने समुदाय से अपील की कि वे इन प्रदर्शनियों का समर्थन करें, न केवल उनकी अद्वितीय पेशकशों के लिए बल्कि समाज में महिलाओं के उन्नयन के लिए भी। इस प्रदर्शनी में जयपुर की फैशन डिजाइनर शिवानी राजोरिया ने भी हिस्सा लिया।

### आज होगा समापन

'मंशा' प्रदर्शनी 6 जुलाई तक जयपुर क्लब में आयोजित होगी। इस दौरान ममता पटौदिया, रेखा खूंटेटा, ऊषा, सीमा खण्डेलवाल, अंजू झालानी, अन्नू मोदी, सुनीता खण्डेलवाल, निशा अग्रवाल, अंजना खण्डेलवाल, सपना खूंटेटा व अन्य मेंबर उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### फर्जी आईआरएस युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अजमेर।** दरगाह थाना पुलिस ने एक फर्जी आईआरएस युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को लोकसभा सचिव बताकर दरगाह में वीआईपी जियारत करने के लिए पुलिस अधिकारियों और दरगाह थाने में कॉल कर पुलिस प्रोटेक्शन मांगा था। दरगाह थाना प्रभारी नरेंद्र जाखड़ ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक और दरगाह थाने पर एक युवक ने कॉल किया था। युवक संदिग्ध लगने पर गहनता से पूछताछ की गई और आईडी मांगी तो वह फर्जी निकला।

### नौकरी से निकालने पर इंजीनियर फंदे पर लटका

**भीलवाड़ा।** नेशनल हाईवे बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर ने ऑफिस में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत से पहले इंजीनियर ने सुसाइड नोट में लिखा कि मेरी मौत का जिम्मेदार एमडी है। बता दें कि मां की मौत के बाद 7 दिन पहले ही इंजीनियर ड्यूटी पर लौटा था। थानाधिकारी हंसपाल सिंह ने बताया कि वाराणसी (यूपी) निवासी अभय सिंह (42) भीलवाड़ा-ब्यावर नेशनल हाईवे-158 बनाने वाली राधा किशन इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में लाइजनिंग इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार को ऑफिस में ही फंदा लगाकर जान दे दी। इंजीनियर ने इस सुसाइड नोट को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया था।

### पुलिस ने पकड़े कड़िया गैंग के दो बदमाश



**दौसा।** जिले में कुछ दिन पूर्व बैंक में घुसकर ग्राहक के साथ की गई 50 हजार रुपए की लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने कड़िया गैंग के दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। वहीं, गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने शहर में परेड कराते हुए वारदात स्थल तक लेकर पहुंची और घटनास्थल पर तस्दीक करवाई गई। कोतवाली थाना प्रभारी हीरालाल सैनी ने बताया कि 25 जून को राजेंद्र मीना पुत्र रामदेव मीना निवासी काली पहाड़ी दौसा लूट हुई थी। शुक्रवार को मामले में दो आरोपी रितेश सिसोदिया (20 ) और मोनिश (28) निवासी कड़िया सांसी राजगढ़ मध्यप्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर अलवर से गिरफ्तार किया है।

---

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# प्लास्टिक पर रोक लगाने व ड्रेनेज सिस्टम में होगा सुधार

**बेधड़क | जयपुर**

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री और अलवर के सांसद भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर के साथ सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें नगर निगम के मेयर भी मौजूद रहे।

बैठक में नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों के कामकाज की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून में बारिश होना अच्छा है, लेकिन बारिश के इंतजार के साथ इंतजाम भी बहुत जरूरी है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि अलवर में नाला सफाई बड़ी समस्या है।



इसके लिए नई जेसीबी मंगवाई गई है, जो कि 8 जुलाई तक अलवर में पहुंचकर सफाई की व्यवस्था को संभालेगी। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि आगामी 8 जुलाई से जेसीबी से शहर के नालों की सफाई कराई जाएगी।

इसके लिए सभी पार्षदों का सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाया जाए, जिससे नालों की सफाई करवाई जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अलवर में सबसे बड़ी चुनौती प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग एवं अतिक्रमण है।

इस पर रोक लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुरानी ड्रेनेज सिस्टम को दिखाया जाएगा। जहां-जहां पानी रुकता है उन जगहों पर जेसीबी से खुदाई करवाई जाएगी।

### कपड़े के थैले का हो इस्तेमाल

नगर निगम के मेयर घनश्याम गुर्जर ने कहा कि अलवर में नालो के भरने का सबसे बड़ा कारण है प्लास्टिक। इनमें भारी मात्रा में प्लास्टिक पड़ा है। इसके चलते यह प्लास्टिक पानी के मार्ग को अवरुद्ध करता है और पानी को आगे नहीं जाने देता। इससे नाले उफान पर आ जाते हैं। नगर निगम मेयर ने लोगों से अपील की कि वे कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें।

### पौधरोपण अभियान की शुरुआत

जिले में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत लोगों की ओर से पौधरोपण का कार्य शुरू हो गया है। इसी अभियान में शुक्रवार सुबह जिला व्यापार संघ की ओर से हर वार्ड, हर घर पौधारोपण की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक पौधा रोपकर की। व्यापार महासंघ के महामंत्री मुकेश विजय ने बताया कि अंबेडकर नगर के बी ब्लॉक के पार्क से इस अभियान की शुरुआत 11 पौधे लगाकर की गई। उन्होंने कहा कि व्यापार महासंघ की ओर से यह अभियान पूरे शहर में चलाया जाएगा। मुकेश विजय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत भी लोग पौधरोपण कर रहे हैं।

---

खरीफ की फसल के लिए चंबल नदी की मुख्य नहरों में पानी की मांग

# सीएडी के अधिकारी नहीं छोड़ रहे नहरों में पानी: किसान नेता

**बेधड़क | कोटा**

आगामी 8 जुलाई को होने वाली चंबल कमांड एरिया (सीएडी) की बैठक से पहले विवादों में आ गई है। बैठक से पहले किसानों ने आरोप लगाया है कि सरकार को बदनाम करने के लिए सीएडी अधिकारी नहरों का पानी नहीं छोड़ रहे हैं। किसानों की मांग है कि खरीफ की फसल के लिए चंबल नदी की दाईं और बाईं मुख्य नहरों से पानी दिया जाए।

सिंचाई जल को लेकर बीते दिनों बूंदी के केशोरायपाटन में कोटा लालसोट मेगा हाइवे को जाम करने का प्रयास भी किया गया था। इसके साथ ही किसानों ने कोटा बैराज का कूच किया था, लेकिन बूंदी पुलिस ने उन्हें केशोरायपाटन में ही समझा बुझाकर रोक लिया था। बाद में कुछ किसानों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 8 जुलाई को किसानों के संबंध में बैठक आयोजित की जा रही है, लेकिन इसके पहले किसान संगठनों ने फिर एक बार मीडिया से बातचीत करते हुए चेतावनी सरकार और प्रशासन को दी है।



### पानी नहीं छोड़ा तो फसल का होगा नुकसान

किसान नेता गिर्राज गौतम ने जनप्रतिनिधियों पर भी आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान प्रत्याशी दावे कर रहे थे कि किसानों को खरीफ और रबी दोनों सीजन में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। अब किसानों के मुद्दे पर कोई भी आवाज नहीं उठा रहा है। गौतम ने कहा कि 2.5 लाख हेक्टेयर में धान की फसल होती है। हम 3 महीने पहले ही नहरे में पानी छोड़ने के बारे में आग्रह कर चुके थे। बीते साल भी 17 जुलाई को पानी छोड़ा गया था। ऐसे में इस बार भी पानी छोड़ा जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो करोड़ों रुपए के धान की फसल में नुकसान हो जाएगा।

### किसानों के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

हम केवल 1000 से 1500 क्यूसेक पानी नहरों में छोड़ने की मांग कर रहे हैं। डैम में पानी भी है और अभी बारिश से पानी एकत्रित भी होगा। आगामी 8 जुलाई को सीएडी प्रशासन ने हमारे पक्ष में फैसला नहीं किया, तो हम उसी दिन बैराज का कूच सीएडी से कर जाएंगे। केशोरायपाटन के किसान दिलबाग सिंह का कहना है कि वे लंबे समय से धान की फसल कर रहे हैं और नहरी पानी मिलने पर धान का अच्छा उत्पादन होता है। करीब 8 क्विंटल प्रति बीघा तक उत्पादन चला जाता है, लेकिन भूमिगत जल और बारिश के पानी से बढ़ा उत्पादन करीब चार क्विंटल प्रति बीघा के आसपास रह जाता है। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, सरकार और अधिकारियों को भी सोचना चाहिए कि किसान को उसके हक का पानी मिले।

### गंगनहर के मुद्दे पर पंजाब से चल रही है वार्ता, जल्दी ही पूरा पानी मिलेगा

**श्रीगंगानगर।** गंगनहर में पानी के मुद्दे को लेकर अधिकारी पंजाब से लगातार वार्ता कर रहे हैं और जल्दी ही इस मुद्दे का कोई हल निकल जाएगा। संभागीय आयुक्त वंदना यह बात कही। सिंघवी शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने जिले के सादुलशहर एसडीएम आफिस का निरीक्षण किया और ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। संभागीय आयुक्त सिंधवी ने सादुलशहर के एसडीएम कार्यालय के प्रत्येक कमरे में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कार्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने एसडीएम शिवा चौधरी को जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का शीघ्रता से निस्तारण करने, मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधरोपण करने और उनकी सुरक्षा करने, पेयजल और विद्युत व्यवस्था पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने लम्बे समय से चल रहे रेवेन्यू मामलों की पेंडेंसी को समाप्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद संभागीय आयुक्त ने पंचायत समिति में ब्लाकस्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल, विद्युत, पंचायत समिति, स्वास्थ्य जैसे विभाग निरंतर अपने कार्मिकों की मॉनिटरिंग करें और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करें। गंगनहर में सिंचाई का पानी छोड़ने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अधिकारी लगातार वार्ता कर रहे हैं और उम्मीद है कि जल्दी ही पूरा पानी मिलने लगेगा। बता दें कि श्रीगंगानगर के किसान पिछले एक महीने से गंगनहर में राजस्थान के हिस्से के अनुसार पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन पंजाब की ओर से पूरा पानी नहीं दिया जा रहा। अब किसानों ने 11 जुलाई को कलेक्ट्रेट ठप करने का अल्टीमेटम दिया है।

---

समाज के लोगों ने एकत्रित होकर दी प्रशासन को चेतावनी

# फिर हुआ चिंकारा हिरण का शिकार, बिश्नोई समाज में आक्रोश



**बेधड़क | श्रीगंगानगर**

जिले में हिरणों के शिकार के मामले रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर गांव 9 डीडी में चिंकारा हिरण के शिकार का मामला सामने आया है। इसको को लेकर बिश्नोई समाज में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। समाज के लोग चिंकारा हिरण के शव को लेकर पदमपुर के बिश्नोई मंदिर में बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए हैं।

आक्रोशित लोगों ने रास्ते जाम करने की चेतावनी दी है। पदमपुर में एकत्रित बिश्नोई समाज के लोगों ने कहा कि चिंकारा हिरण के शिकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। लेकिन वन विभाग और प्रशासन इसके प्रति संजीदा नहीं है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को भी गांव 9 डीडी में चिंकारा हिरण घायल अवस्था में मिला। उन्होंने बताया कि जिस समय उन्हें हिरण मिला, उस समय वह अंतिम सांसे ले रहा था और थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हिरण के पैर में गोली लगने का निशान है। जिससे पता चलता है कि हिरण के शिकार के लिए उसे गोली मारी गई है। उन्होंने कहा कि इलाके में हिरणों की संख्या लगातार कम होती जा ही है। आज भी जब वन विभाग को सूचना दी गयी तो वन विभाग की टीम तीन घंटे देरी से पहुंची। यही हाल पुलिस का भी है। उन्होंने कहा कि यदि जिला कलेक्टर और बीकानेर से वन विभाग के अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आएंगे, तो अमृता चौक पर हिरण के शव को रखकर धरना लगा दिया जाएगा और रास्ते जाम कर दिए जाएंगे। दरअसल 15 दिन पहले भी रायसिंहनगर के डाबला के पास दो चिंकारा हिरणों का शिकार किया गया था। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने डीप फ्रीज में शव रखकर प्रदर्शन किया था।

---

पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का होगा खुलासा

# मृत मिला पैंथर, जांच में जुटा वन विभाग

**बेधड़क | जोधपुर**

लंबे समय से वन विभाग के लिए परेशानी का सबब बना पैंथर शुक्रवार को माचिया सफारी पार्क में स्थित किले के पास मृत अवस्था में पाया गया। माचिया पार्क के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पैंथर का माचिया पार्क में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इसके बाद ही मौत के कारणों को लेकर खुलासा हो सकेगा।

स्नैक बाइट से मौत के सवाल पर उप वन संरक्षक वन्यजीव डीएफओ सरिता कुमारी ने बताया कि पैंथर का अभी पोस्टमार्टम चला रहा है। इसके बाद ही मौत का कारण सामने आएगा। उल्लेखनीय है कि पैंथर शहर




के आसपास के इलाके में लंबे समय से घूम रहा था। गत माह पैंथर माचिया पार्क पहुंच गया था। एक रात हिरणों के बाड़े में कूद गया। कुल 13 हिरण मारे गए थे। जिनमें कुछ का उसने शिकार किया था। जिसके बाद माचिया पार्क कई दिनों तक बंद रखना पड़ा था। पैंथर को पकड़ने से लिए माचिया बायोलॉजिकल पार्क क्षेत्र में बीएसएफ के जवान कई रातों थर्मल ड्रोन की सहायता से तलाश करते रहे। पैंथर रात को ड्रोन के कैमरे में कई बार नजर आया, लेकिन पकड़ में नहीं आया था। जिसके चलते माचिया में आने वाले पर्यटकों के साथ सुरक्षाकर्मी लगाने पड़े थे।

---

ऑपरेशन अरावली के तहत करौली जिले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अवैध खनन के लिए लाया गया भारी मात्रा में विस्फोटक किया जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**बेधड़क | करौली**

करौली में थाना सूरौठ पुलिस की टीम ने ऑपरेशन अरावली की तरह बड़ी कार्रवाई कर अवैध खनन के लिए लाया गया भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने अपने मकान में बना रखी आटा चक्की के पास एक गुप्त तहखाना बनाकर विस्फोटक पदार्थ छुपाया हुआ था। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि थाना सूरौठ क्षेत्र के आरेनी गुर्जर गांव में आरेनी गुर्जर गांव में ही गजराज सिंह उर्फ गज्जी ने अपने



घर में लगा रखी आटा चक्की के पास एक गुप्त तहखाना बना भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक छुपाया हुआ है। इस पर एसएचओ सुमन कुमार सिंह टीम के साथ आरोपी के घर पहुंचे। मकान की साइड में लगा रखी आटा चक्की के पास रखे प्लास्टिक के ड्रम को हटाकर देखा तो एक गुप्त दरवाजा मिला। जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ के कार्टून मिले। मौके पर मिले आरोपी गजराज सिंह उर्फ गज्जी गुर्जर (55) ने बताया कि अवैध खनन के लिए अपने बेटे राधे गुर्जर के साथ विस्फोटक वह धौलपुर से लाया था। सभी विस्फोटक पदार्थ जब्त कर पुलिस ने आरोपी गजराज सिंह को विस्फोटक अधिनियम में गिरफ्तार कर लिया।

---

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स-पुलिस मुख्यालय की बड़ी कार्रवाई

# नगर परिषद चेयरमैन की हत्या के मुख्य आरोपी को पकड़ा

■ चर्चित हत्याकांड के आरोपी गोविंद रीठोती पर था 35 हजार रुपए का इनाम

**बेधड़क | जयपुर**

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। साल 2015 में गंगापुर सिटी में नगर परिषद चेयरमैन की घर के बाहर कनपटी पर गोली मारकर हत्या के मामले में घटना के समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी गोविंद जाट निवासी गांव रीठोती जिला डीग को थाना सेवर (जिला भरतपुर) इलाके से दस्तयाब किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पकड़े गए गंगापुर सिटी जिले के टॉप 10 मोस्ट वान्टेड की सूची में शामिल बदमाश के ऊपर आईजी रेंज भरतपुर द्वारा 35 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। ये 9 साल पहले गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन डॉ. प्रकाश चन्द अग्रवाल हत्या कांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी घटना के बाद हरियाणा, दिल्ली, मथुरा क्षेत्र में फरारी काट रहा था। मामले में मुख्य आरोपी गोविंद सिंह रीठोटी सहित पंजाब के मोगा शहर निवासी रणजीत फरार चल रहे थे। इन दोनों पर आईजी रैंज द्वारा 35-35 हजार का इनाम रखा गया।



### चार महीने की मशक्कत के बाद मिली सफलता

एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एडिशनल एसपी एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल मदनलाल एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम, आसूचना संकलन कर करीब 4 महीनों से इस पर नजर रखे हुए थी। शुक्रवार को एएसआई शैलेंद्र व कांस्टेबल बृजेश को सूचना मिली कि गोविंद सिंह बयाना से सेवर होते हुए मथुरा की तरफ जाएगा। इस सूचना पर एजीटीएफ ने गंगापुर सिटी एसपी सुजीत शंकर के समन्वय में सेवर थाना इलाके में सरसों अनुसंधान केंद्र के पास घेराबंदी कर गोविंद सिंह को डिटेन कर लिया। जिसे बाद में गंगापुर सिटी से आई टीम को सौंप दिया गया।

### दो गोली मारकर की थी हत्या

एमएन ने बताया कि ईदगाह मोड़ गंगापुर सिटी निवासी नगर परिषद चेयरमैन डॉ प्रकाश अग्रवाल 9 जून 2015 की रात घर के बाहर खड़ी कार अंदर कर रहे थे। इतनी देर में बाइक पर दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने कट्टे से डॉ अग्रवाल की कनपटी पर दो फायर कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। फायर की आवाज सुनकर आस पड़ोसी आए तो दोनों बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदनलाल का तकनीकी सहयोग रहा। इसमें गंगापुर सिटी अपराध शाखा के कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व सुरजन सिंह भी शामिल थे।

---

पीआरओ ऑफिस में किया पौधारोपण

# सबसे अधिक टैग करने वाले को करेंगे सम्मानित

**बेधड़क | सीकर**

हरित सीकर अभियान के तहत शुक्रवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सीकर में विभाग के सहायक निदेशक पूरणमल, एपीआरओ राकेश कुमार ढाका, सहित कार्यालय के कर्मचारियों एवं जिले के मीडियाकर्मियों ने पौधारोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक पूरणमल ने बताया कि जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशानुसार हरित सीकर वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले में 23 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आमजन को हरित सीकर



अभियान के बारे में जागरूक करने के लिए हरित सीकर (@HAR-ITSIKAR) के नाम से इंस्टाग्राम पेज बनाया गया है। उन्होंने बताया की जो व्यक्ति अधिक से अधिक पौधारोपण कर जिला प्रशासन के (@HARITSIKAR) इंस्टाग्राम के पेज को टैग करेगा उसे जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### सीबीएसई 10वीं-12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा के एडमिट कार्ड किए गए जारी... डाउनलोड कर रहे परीक्षार्थी

# परीक्षा आयोजित की जाएगी 15 से 22 जुलाई तक... तैयारी जारी

■ नियमित छात्रों को एडमिट कार्ड मिलेगा उनके स्कूल से
■ जिन्होंने भरे पूरक एलओसी फॉर्म, वे कर सकते हैं डाउनलोड

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा 2024 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। जिन छात्रों ने सीबीएसई कंपार्टमेंट परीक्षा 2024 के लिए आवेदन किया है, वे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in के माध्यम से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

सीबीएसई 10वीं-12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा 2024 15 से 22 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। जिन उम्मीदवारों ने कक्षा 10वीं, 12वीं के पूरक एलओसी फॉर्म भरे हैं, वे इस सीधे लिंक से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। शेड्यूल के अनुसार सीबीएसई 10वीं कंपार्टमेंट परीक्षा 2024 15 जुलाई, 2024 (केवल एक ही दिन) को होगी और 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होगी।

सीबीएसई ने प्राइवेट और नियमित दोनों उम्मीदवारों के लिए एडमिट कार्ड जारी किए हैं। नियमित छात्रों को सीबीएसई कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड उनके स्कूल से मिलेगा, जबकि प्राइवेट छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।



#### CBSE Compartment Exam 2024: प्रवेश पत्र डिटेल्स

सीबीएसई 10वीं-12वीं कंपार्टमेंट एडमिट कार्ड 2024 पर छात्र का नाम, रोल नंबर, परीक्षा स्थल और अन्य विवरण के साथ-साथ परीक्षा के दिन के महत्वपूर्ण निर्देश भी अंकित होंगे। छात्रों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है।

#### मई में जारी किए थे परिणाम

सीबीएसई ने मई में परिणाम जारी किए थे और उम्मीदवारों को परीक्षा पास करने के लिए न्यूनतम 33% अंक प्राप्त करने थे। जो अंक पाने से चूक गए, उन्हें पूरक परीक्षा में बैठने का विकल्प दिया गया था। बोर्ड बाद में पूरक परीक्षा के लिए संशोधित मार्कशीट और परिणाम जारी करेगा।

#### CBSE 10वीं-12वीं कम्पार्टमेंट एडमिट कार्ड ऐसे डाउनलोड कर सकते हैं

- आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाएं।
- होमपेज पर, परीक्षा संगम पर जाएं और एडमिट कार्ड टैब पर क्लिक करें।
- "प्राइवेट उम्मीदवारों के लिए एडमिट कार्ड" वाले लिंक पर क्लिक करें।
- यहां पोर्टल पर अपना लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करें।
- सीबीएसई कम्पार्टमेंट एडमिट कार्ड 2024 स्क्रीन पर खुल जाएगा।
- इसमें विवरण जांचें और एडमिट कार्ड डाउनलोड करें।

## दीपक सक्सेना FSSAI में CAC सदस्य नामित



**जयपुर।** जयपुर स्थित उपभोक्ता पैरवी समूह कट्स इंटरनेशनल के एसोसिएट डायरेक्टर दीपक सक्सेना को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) की केंद्रीय सलाहकार समिति (CAC) में उपभोक्ता खंड से सदस्य के रूप में नामित किया गया है। कंज्यूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसाइटी (कट्स इंटरनेशनल) एक ऐसा संगठन है, जो कई दशकों से खाद्य सुरक्षा सहित उपभोक्ता-संबंधित मुद्दों पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। 1983-84 में एक ग्रामीण विकास संचार पहल के रूप में स्थापित, कट्स भारत और विश्व स्तर पर उपभोक्ता आंदोलन में एक अग्रणी आवाज के रूप में विकसित हुआ है। संगठन का मुख्यालय जयपुर में है और यह पूरे भारत और दुनिया भर के 30 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर संचालित होता है।

## एनालिस्ट कम प्रोग्रामर भर्ती परीक्षा 14 को

**अजमेर।** RPSC की ओर से शुक्रवार को सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग में एनालिस्ट कम प्रोग्रामर के 45 पदों पर भार्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर जारी की गई है। इधर, विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा 2024 का आयोजन 14 जुलाई को अजमेर, जयपुर जिला मुख्यालय पर होगा। आयोग के सचिव ने बताया कि इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 जुलाई से 14 अगस्त तक किए जा सकेंगे।

### गड़बड़ी की आशंका के कारण 22 जून को हुई थी स्थगित

# नीट पीजी परीक्षा 11 अगस्त को

■ पेपर 2 घंटे पहले तैयार होगा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) ने NEET PG एग्जाम की शुक्रवार को नई डेट जारी कर दी है। ये एग्जाम अब 11 अगस्त को ऑनलाइन मोड में दो शिफ्ट में होगा। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी, लेकिन गड़बड़ी की आशंका की वजह से इसे 12 घंटे पहले कैंसिल कर दिया गया। पेपर लीक और कोई गड़बड़ी ना हो इसके लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस अब 11 अगस्त को एग्जाम के 2 घंटे पहले पेपर तैयार करेगा।



#### हर सवाल को सॉल्व करने का टाइम फिक्स

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन फॉर मेडिकल साइंसेज (NBEMS) ने NEET-PG एग्जाम के पैटर्न में बदलाव किया है। एग्जाम में 200 MCQ टाइप सवाल पूछे जाते हैं। अब हर सवाल को सॉल्व करने के लिए कुछ मिनटों का फिक्स टाइम ही मिलेगा। इसका मतलब ये है कि किसी सवाल को सॉल्व करने के लिए कोई कैंडिडेट कितना समय दे सकता है ये पहले से ऑटोमैटिक मोड पर सेट होगा। 2024 से ही नए पैटर्न पर एग्जाम होगा।


आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
नई दिल्ली
दिनांक 05.07.2024
सूचना

#### 10 दिन में कैंसिल या पोस्टपोन होने वाला चौथा एग्जाम था

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 22 जून को NEET PG एग्जाम पोस्टपोन कर दिया। ये एग्जाम 23 जून को होना था। NEET PG एग्जाम पिछले 10 दिन में कैंसिल या पोस्टपोन होने वाला चौथा बड़ा एग्जाम है। 9 दिनों में NTA की तीन बड़ी परीक्षाएं- NCET, UGC NET और CSIR UGC NET कैंसिल होने के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये कदम उठाया है।

#### ऐसे होती है मार्किंग

NEET-PG एग्जाम में हर सही जवाब के लिए 4 मार्क्स मिलते हैं और गलत जवाब के लिए 1 मार्क की नेगेटिव मार्किंग होती है। टोटल 3.5 घंटे में क्वेश्चन पेपर सॉल्व करना होता है। ये टेस्ट नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) कंडक्ट करता है। इसके जरिए MBBS स्टूडेंट्स देश के टॉप मेडिकल कॉलेजों में मास्टर ऑफ सर्जरी (MS) और MD (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) जैसे कोर्सेज में एडमिशन ले सकते हैं।

### नीट परीक्षा रद्द करने पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने दी दलील...

# ईमानदार विद्यार्थियों को होगा नुकसान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि नीट यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में बड़े पैमाने पर गोपनीयता भंग होने के किसी सबूत के अभाव में पूरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा, क्योंकि परीक्षा के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने से लाखों ईमानदार उम्मीदवारों को नुकसान होगा। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के सबूतों के अभाव में पूरी परीक्षा को रद्द करना तर्कसंगत नहीं। बता दें, सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई 8 जुलाई को होगी।

■ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 8 को, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पेश किया हलफनामा




#### छात्रों के हितों को खतरे में नहीं डाल सकते

हलफनामे में कहा गया है कि किसी भी परीक्षा में प्रतिस्पर्धा के अधिकार बनाए गए हैं। इसके चलते बड़ी संख्या में उन छात्रों के हितों को खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए, जिन्होंने बिना किसी कथित अनुचित साधन को अपनाए परीक्षा दी है। केंद्र ने कहा कि वह उन लाखों छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने निष्पक्ष रूप से प्रश्नपत्र हल किया है।

#### उच्च स्तरीय समिति गठित

केंद्र सरकार ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा परीक्षाओं के पारदर्शी और निष्पक्ष संचालन के लिए प्रभावी उपाय सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। सरकार ने कहा कि समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी।

#### लिए जा रहे हैं सुझाव

समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन कर रहे हैं और यह दो महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। हलफनामे में कहा गया है कि समिति ने विचार-विमर्श शुरू कर दिया है और पहले ही चार बैठकें कर चुकी है और हितधारकों, खासकर छात्रों के साथ परामर्श भी शुरू कर दिया है।

### लातूर IIT में बड़ा एक्शन: भारी पड़ा स्टूडेंट्स से काम करवाना

# उत्पीड़न की आरोपी प्रोफेसर निलंबित


■ छात्राओं को धमका कर जबरन अपने घर का शौचालय करवाया था साफ

**बेधड़क** | नई दिल्ली

महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की प्रोफेसर मनीषा खानपुरे को कुछ छात्राओं से घर के काम करवाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। प्रिंसिपल ने शुक्रवार को इस खबर की पुष्टि की। जानकारी के अनुसार औसा स्थित आईटीआई की प्रोफेसर मनीषा खानपुरे को संस्थान ने 2 जुलाई को निलंबित कर दिया था, क्योंकि उन पर 3 छात्राओं का कथित तौर पर शोषण और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया था। प्रिंसिपल इंदिरा रणभीडकर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा पिछले सप्ताह रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद यह कार्रवाई की गई।

#### समिति की रिपोर्ट पर किया सस्पेंड

प्रिंसिपल रणभीडकर ने कहा कि छात्रों और अभिभावकों की ओर से शिकायत मिलने के बाद प्रोफेसर को एक नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा कि 3 सदस्यों की एक जांच समिति गठित की गई और उसकी रिपोर्ट के आधार पर प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है।



#### कम अंक देने की दी धमकी

इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रोफेसर ने छात्राओं को कम अंक देने की धमकी देकर उनसे घर के काम और शौचालय साफ करवाए। इस बीच, प्रोफेसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें आईटीआई प्रोफेसर मनीषा खानपुरे छात्राओं से घर का कूड़ा साफ करवाती नजर आ रही हैं। छात्राओं और अभिभावकों की ओर से शिकायत मिलने के बाद प्रोफेसर को ज्ञापन सौंपा गया।

## निशुल्क पाठ्यपुस्तक पाकर विद्यार्थियों के खिल उठे चेहरे

**रामदेवरा-जैसलमेर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामदेवरा में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कार्यक्रम में निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गादीपति राव भोम सिंह तंवर रहे। इनके साथ ही महंत जगन्नाथ सहित अन्य अतिथि भी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य की तरफ से सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से माला पहनाकर किया गया। निशुल्क पाठ्य पुस्तकें पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

## एएमयू काउंसलिंग राउंड 1 पंजीकरण की आखिरी तिथि आज

**नई दिल्ली।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (AMU) 6 जुलाई को राउंड 1 काउंसलिंग 2024 के लिए पंजीकरण विंडो बंद कर देगा। इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट amu.controllerexams.com पर जाकर अंतिम तिथि तक एएमयू काउंसलिंग 2024 के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं।




जारी शेड्यूल के अनुसार पंजीकृत उम्मीदवार 6 जुलाई को दस्तावेज अपलोड और विकल्प भर सकते हैं। एएमयू राउंड 1 काउंसलिंग दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया 7 जुलाई से 9 जुलाई 2024 तक आयोजित होगी। दस्तावेजों को फिर से जमा करने की विंडो 10 जुलाई को खुलेगी और इन दस्तावेजों का सत्यापन 11 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की ओर से 12 जुलाई से 13 जुलाई के बीच एएमयू राउंड 1 सीट आवंटन परिणाम 2024 घोषित किया जाएगा। एएमयू राउंड 1 सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 2024 डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को पंजीकरण संख्या और जन्म तिथि जैसे अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करना होगा।

**सम्मेलन** | पीस बिल्डर्स फोरम इंडिया का राष्ट्रीय सम्मेलन जयपुर में, पहुंचे 12 राज्यों के प्रतिनिधि

# अहिंसा को बनाए रखनेवाली ऊर्जाओं को जोड़ना चुनौती

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय समाज में अहिंसा को कायम रखने के अनेक उपाय मौजूद हैं, चुनौती इस बात की है कि,कैसे इन सब उपायों की ताकत को जोड़कर एक शांत एवं अहिंसक समाज की हमारी थाती को बनाए रखा जाए।

पीस बिल्डर्स फोरम इंडिया के शुक्रवार से यहां भट्टारक जी की नसियां में शुरू हुए दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन देश भर से आए वक्ता इस बात पर एकमत थे कि शांति, अहिंसा और आपसी भाईचारे की जड़ें भारतीय सभ्यता और संस्कृति में बहुत गहरी हैं और इनकी प्रासंगिकता आज पहले से भी अधिक है। अनेक वक्ताओं ने इन जड़ों की विस्तार से व्याख्या की। इस सम्मेलन में 12 राज्यों के दो दर्जन से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।



#### बताए स्वराज के मायने

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मध्यप्रदेश की पूर्व पुलिस महानिदेशक अनुराधा शंकर ने की। इस सत्र में डॉ. शोबना राधाकृष्णन ने गांधी कथा सहित विश्व के अनेक हिस्सों में अपने व्याख्यानों के अनुभव बताए तो पत्रकार रजनी बक्शी ने बताया कि स्वराज के मायने क्या हैं? उन्होंने कहा कि इसके मायने है, किसी भी इंसान का अपनी भावनाओं पर काबू होना। यह कठिन काम है लेकिन हो गया तो समझो, वह इंसान अहिंसक हो गया। ओडिशा के सत्य पटनायक ने आदिवासियों के बीच अपने काम को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि, महात्मा गांधी का व्यक्तित्व और विचार आदिवासियों से बिल्कुल मिलता हुआ है और यही विचार,दर्शन और व्यापकता विश्व को हिंसा-टकराव से बचा सकती है। ग्लोबल पीस ब्रिज के संस्थापक प्रमोद शर्मा ने युवाओं का दिल जीतने के अपने प्रयासों के बारे में बताया। इस दौरान पीस बिल्डर्स फोरम के संस्थापक राजगोपाल पीवी और जिल कार्ल हैरिस ने भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फोरम के शांति-अहिंसा प्रयासों का ब्योरा दिया।

#### संस्थान के कार्यों का दिया ब्योरा

स्थानीय स्तर पर इस आयोजन का जिम्मा, भारत सेवा संस्थान, कुमारप्पा ग्राम स्वराज संस्थान और नेशनल यूथ प्रोजेक्ट संभाल रहे हैं। आरम्भ में संस्थान की ओर से उसके कोषाध्यक्ष एलडी शर्मा और यूथ प्रोजेक्ट के हनुमान शर्मा ने देश भर से आए मेहमानों का स्वागत किया। शर्मा ने संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मार्गदर्शन में संस्थान द्वारा देश में समय- समय पर आई विपदाओं में पीड़ित मानवता की सेवा के प्रयासों का ब्योरा दिया। उन्होंने बताया कि,मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य में शान्ति अहिंसा विभाग की स्थापना के साथ जिलों तक इसका विस्तार करने और गांधी दर्शन को जन जन तक पहुंचाने के लिए गांधी वाटिका का निर्माण कराया।

# चेतन आनंद: भारतीय सिनेमा में पहली युद्ध फिल्म के निर्देशक



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय सिनेमा में चेतन आनंद की एक अलग पहचान है। देश की पहली सामाजिक यथार्थवादी फिल्म 'नीचा नगर' न सिर्फ उन्होंने निर्देशित की, बल्कि उनकी इस फिल्म को विदेशी फिल्म समारोह में सम्मानित भी किया गया। चेतन आनंद, निर्माता-निर्देशक और पटकथा लेखक थे। उन्होंने कई देशी-विदेशी साहित्यिक कृतियों 'अफसर' (निकोलाई गोगोल), 'आखिरी खत' (ख़्वाजा अहमद अब्बास), 'हीर-रांझा' ('पंजाबी लोककथा'-वारिस शाह), 'नीचा नगर' ('लोअर डेप्थ'-मेक्सिम गोर्की) को सेल्युलाइड के पर्दे पर उतारा। चेतन आनंद की आला तालीम लंदन में में हुई। अपनी तालीम मुकम्मल करने के बाद, चेतन आनंद थोड़े से अरसे तक बीबीसी से जुड़े रहे, तो उन्होंने दून स्कूल देहरादून के लिए भी काम किया। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी में भी सरगर्म रहे। लेकिन उनकी मंज़िल-ए-मकसूद कुछ और ही थी। लिहाजा बीती सदी के चालीस के दशक में अपने भाइयों देव आनंद और विजय आनंद के साथ चेतन आनंद मुंबई पहुंच गए। फिल्मों में वह अपना करियर तलाशने लगे। अपनी पहली फिल्म के लिए उन्हें ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। डायरेक्टर फणी मजूमदार के लिए उन्होंने फिल्म 'अशोका' की स्क्रिप्ट लिखी, तो साल 1944 में मजूमदार के ही निर्देशन में फिल्म 'राजकुमार' में उन्होंने पहली बार हीरो के तौर पर फिल्मी दुनिया में कदम रखा। चेतन आनंद को अदाकारी से ज्यादा फिल्म डायरेक्शन पसंद था।

लिहाजा साल 1949 में उन्होंने अपने छोटे भाई देव आनंद के साथ 'नवकेतन फिल्मस' की स्थापना की। और इस बैनर पर उनकी पहली फिल्म 'अफसर' (साल-1950) थी। जिसमें प्रमुख भूमिकाएं देव आनंद और सुरैया ने निभाई थी। वहीं इस फिल्म की पटकथा से लेकर उसका निर्देशन चेतन आनंद का था। प्रसिद्ध कवि-गीतकार पंडित नरेन्द्र शर्मा ने फिल्म के गीत लिखे, तो एसडी बर्मन ने इसका संगीत तैयार किया। उस जमाने में इस फिल्म के गीत खूब मकबूल हुए।

> *चेतन आनंद एक विचारवान निर्देशक थे। उन्होंने गुलामी, और आजादी के बाद देश का नवनिर्माण देखा था, तो भारत-पाक और भारत-चीन जंग के भी गवाह रहे। अपनी फिल्मों के जरिए उन्होंने जिन विषयों को छुआ, उनके साथ इंसाफ करने की पूरी कोशिश की। दर्शकों को स्वस्थ्य मनोरंजन दिया। साल 2013 में भारतीय सिनेमा के सौ साल मुकम्मल होने पर, भारत सरकार ने उनकी याद में एक डाक टिकट जारी कर, इस महान फिल्म निर्देशक के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।*

'अफसर' बॉक्स ऑफिस पर उतना, तो कामयाब नहीं हुई, जितनी कि उससे उम्मीद थी। लेकिन इस फिल्म ने चेतन आनंद और देव आनंद दोनों ही के पैर फिल्मी दुनिया में जमा दिए। चेतन आनंद ने आगे चलकर 'नवकेतन फिल्मस' के बैनर पर कई मनोरंजक और सामाजिक संदेश देने वाली फिल्में मसलन 'आंधियां', 'टैक्सी ड्राईवर' और 'फंटूश' बनाईं। देव आनंद के अलावा चेतन आनंद ने राजेश खन्ना को फिल्मों में सबसे पहले लांच किया। 'आखिरी खत' राजेश खन्ना की पहली फिल्म थी, जिसे चेतन आनंद ने ही डायरेक्ट किया था। आगे चलकर देव आनंद और राजेश खन्ना दोनों ही हिंदी फिल्मों के बड़े सुपर स्टार बने। चेतन आनंद और देव आनंद इप्टा की स्थापना से ही इससे जुड़ गए थे, जिसमें उस वक्त चेतन आनंद बेहद सक्रिय थे। मुंबई में होने वाली इप्टा की बैठकों में वह नियमित शिरकत करते थे। संगठन ने जब रंगमंच के अलावा फिल्मों के जरिए भी हस्तक्षेप करने का इरादा किया, तो इस काम के लिए ख्वाजा अहमद अब्बास के अलावा चेतन आनंद आगे आए। अब्बास ने बंगाल के अकाल पर केन्द्रित फिल्म 'धरती के लाल' के निर्देशन का ज़िम्मा संभाला, तो चेतन आनंद ने 'नीचा नगर' की बागडोर अपने कंधों पर ली।

'धरती के लाल' का निर्माण जहां इप्टा ने किया, तो 'नीचा नगर' इंडिया पिक्चर्स के बैनर तले बनी। जिसमें ज्यादातर कलाकार इप्टा से ही थे। यहां तक कि दोनों फिल्मों का संगीत निर्देशन पंडित रविशंकर ने दिया। फिल्म 'धरती के लाल', अली सरदार जाफरी, प्रेम धवन, वामिक जौनपुरी और नेमिचंद जैन के गीतों से सजी थी, तो 'नीचा नगर' के गीत विश्वामित्र आदिल ने लिखे। जो ख़ुद प्रगतिशील लेखक संघ से जुड़े हुए थे। अलग-अलग समय में शुरू हुईं, ये दोनों ही फिल्में एक साथ रिलीज हुईं। और वह साल था, 1946। आजादी से ठीक एक साल पहले। 'नीचा नगर' को पर्दे तक पहुंचाना, चेतन आनंद के लिए आसान नहीं रहा, इसके लिए उनको काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। 'नीचा नगर' की यथार्थवादी कहानी और उसका क्लाइमेक्स देखकर, फिल्म के निवेशक ने इसके प्रदर्शन से इंकार कर दिया था। चेतन आनंद ने अपने दोस्त अफसाना निगार हयातुउल्लाह अंसारी के मार्फत इसकी खबर पंडित जवाहरलाल नेहरू तक पहुंचाई। नेहरू के हस्तक्षेप के बाद, फिल्म आखिरकार रिलीज हुई। 'नीचा नगर', हयातुउल्लाह अंसारी की कहानी पर बनी थी, जो रूस और दुनिया के अजीम-तरीन अदीब मेक्सिम गोर्की की कहानी 'द लोअर डेप्थ' पर आधारित थी। हालांकि 'धरती के लाल' की तरह 'नीचा नगर' ने भी बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखाया, लेकिन देश-विदेश के तमाम फिल्म समारोह में इसको खूब तारीफ मिली। भारतीय फिल्म इतिहास में आज भी 'हकीकत' एक मील का पत्थर फिल्म मानी जाती है।

दूरदर्शन का जमाना आया, तो चेतन आनंद मनोरंजन के इस लोकप्रिय माध्यम से जुड़ गए। सीरियल के लिए उन्होंने जो विषय चुना, वह युद्ध और सैनिकों पर था। चेतन आनंद ने भारतीय सेना के जांबाज फौजियों के वीरता, साहस और पराक्रम को दिखाने वाले सीरियल 'परमवीर चक्र' (साल-1988) का निर्देशन किया। जिसमें परमवीर चक्र विजेताओं के जीवन और युद्ध में उनकी कुर्बानियों का चित्रण था। फिल्म 'हकीकत' की तरह चेतन आनंद ने इस फिल्म की शूटिंग भी रियल लोकेशन पर की। जिसमें भारतीय सेना ने उनकी काफी मदद की। लद्दाख जैसे दुर्गम इलाकों पर लगातार शूटिंग से उनकी सेहत बिगड़ गई, लेकिन उन्होंने अपना काम नहीं छोड़ा। 'परमवीर चक्र' ही चेतन आनंद का आखिरी अहम काम था। जिसमें उन्होंने अपने निर्देशन और खयालात की गहरी छाप छोड़ी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### पीएम मोदी की रूस यात्रा... ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे

# दोस्ती की डगर... संतुलन की डोर



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

अब यह ऑफियल हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 और 9 अप्रैल को रूस का दौरा करेंगे। यह यात्रा भारत-रूस के बीच करीब दो दशकों से अधिक समय से जारी वार्षिक शिखर सम्मेलन के रूप में हो रही है। कोविड के दौर और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हाल के वर्षों में वार्षिक शिखर बैठक का यह सिलसिला थम गया था, लेकिन अब यह फिर शुरू हो रहा है। तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद पीएम मोदी अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा शुरुआत किसी पड़ोसी देश के बजाय एक मित्र देश से कर रहे हैं। हालांकि तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के तत्काल बाद वह जी-7 देशों की शिखर बैठक में भाग लेने इटली गए थे, लेकिन वह अलग दौरा था। हालांकि पीएम मोदी के पास विदेश यात्रा का एक और अवसर था कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में 3 व 4 जुलाई को संघाई सहयोग संगठन की बैठक भाग लेने का।

> *भारत अब हथियार प्रणालियों के मामले में किसी एक देश पर निर्भर नहीं है और उसने वैकल्पिक स्रोत विकसित कर लिए हैं। इजराइल, अमेरिका व फ्रांस के साथ प्रगाढ़ होते सैन्य रिश्ते इस लिहाज से बहुत ही अहम हैं, लेकिन आज भी रूसी हथियार प्रणाली भारतीय सैन्य बलों की ताकत का अहम हिस्सा हैं। इसलिए भारत रूस के साथ अपने रिश्तों के मामले में किसी भी पश्चिमी दबाव में नहीं आता।*


भारत शंघाई सहयोग संगठन का सदस्य है और इसलिए पीएम मोदी के पास इस यात्रा का निमंत्रण भी था, लेकिन उन्होंने वहां न जाने का फैसला किया। इसकी एक वजह यह भी रही कि नई सरकार के गठन के बाद संसद का सत्र चल रहा था और प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। संभव है ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने अस्ताना ना जाने का फैसला किया हो। खैर, एससीओ बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने किया। बदलते भू-रणनीतिक समीकरणों के बीच पीएम मोदी की प्रस्तावित रूस यात्रा कूटनीतिक क्षेत्रों में बहुत अहम मानी जा रही है। पश्चिमी देशों की उस पर नजर टिकी हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से संपूर्ण पश्चिमी जगत रूस के खिलाफ खड़ा है। लंबे समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत ने अभी तक न रूस को कठघरे में खड़ा किया है और ना ही उसकी निंदा की है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ आए किसी प्रस्ताव का समर्थन भी नहीं किया है। इस मसले पर वह न अमेरिकी और ना ही किसी यूरोपीय देश के दबाव में आया। इससे भारत-रूस की दोस्ती की गहराई का अंदाजा लगाया जा सकता है। भारत ने रूस के साथ रिश्तों पर अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर फैसले किए और उसी नीति पर चला। भारत-रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं। उस दौर में जब अमेरिका का भारत के प्रति रवैया नकारात्मक और पाकिस्तान के प्रति लाड दुलार वाला था, तब रूस भारत के साथ खड़ा था। जब अमेरिका पाकिस्तान को एफ-16 विमानों समेत अन्य अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों से लैस कर रहा था और कश्मीर के मसले पर पाकिस्तान भारत को विश्व बिरादरी में घेरने का प्रयास कर रहा था, तब रूस भारत के साथ था। साफ है भारत ने भी रूस दोस्ती निभाई, लेकिन हाल के वर्षों में बदलते विश्व परिदृश्य में भारत-अमेरिका के रिश्तों में बहुत तेजी से सुधार हुआ है और अब दोनों देशों के रिश्ते रणनीतिक भागीदारी से आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने पिछले दो कार्यकाल में अमेरिका की यात्राएं प्राथमिकता से की और दोनों देशों के रिश्तों को एक नए मुकाम पर लेकर गए हैं, लेकिन उनकी तीसरी पारी में आधिकारिक विदेश यात्रा की शुरुआत दोस्त के द्वार से करने के कई कूटनीतिक अर्थ निकाले जा रहे हैं, क्योंकि इससे भारत-रूस के रिश्तों को नया आयाम मिलने की संभावना है।

पीएम मोदी इससे पहले 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने रूस गए थे। उम्मीद है रूस की इस प्रस्तावित यात्रा के दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध समेत क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा, द्विपक्षीय संबंधों और व्यापार पर गहन चर्चा होगी।

पीएम मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध पर विश्व मंच से कई बार कह चुके हैं कि वर्तमान समय युद्ध का समय नहीं है। ऐसे में यह भी देखना है कि क्या उनके इस दौरे से यूक्रेन-रूस के बीच शांति की कोई नई पहल होगी? लेकिन सबसे अहम होगा कि भारत और रूस अपने द्विपक्षीय रिश्तों और रक्षा सहयोग को किस तरह से आगे लेकर जाते हैं। आज भी भारत के पास सैन्य भंडार में रूसी मूल के सैन्य साजो-सामान अधिक है। हालांकि भारत अब हथियार प्रणालियों के मामले में किसी एक देश पर निर्भर नहीं है और उसने वैकल्पिक स्रोत विकसित कर लिए हैं। इजराइल, अमेरिका व फ्रांस के साथ प्रगाढ़ होते सैन्य रिश्ते इस लिहाज से बहुत ही अहम हैं, लेकिन आज भी रूसी हथियार प्रणाली भारतीय सैन्य बलों की ताकत का अहम हिस्सा हैं। इसलिए भारत रूस के साथ अपने रिश्तों के मामले में किसी भी पश्चिमी दबाव में नहीं आता और पीएम मोदी के इस दौरे का सबसे बड़ा कूटनीतिक संदेश यही है कि भारत रूस के मामले में किसी दबाव में आकर अपने राष्ट्रीय हितों से कोइे समझौता नहीं करेगा। इसलिए अब देखना यह है कि पीएम मोदी अपनी इस यात्रा के दौरान भारत-रूस रक्षा संबंधों को आगे ले जाने के लिए क्या फैसला करते है क्योंकि उनके सामने रूस के साथ दीर्घकालीन रणनीतिक गठबंधन को और मजबूत करने के साथ ही अमेरिका व उसके पश्चिमी सहयोगियों के साथ बढ़ती रणनीतिक भागीदारी को भी आगे ले जाने की चुनौती है। उनको इन दो विपरीत ध्रुवों के बीच संतुलन साधकर आगे बढ़ना है। इस संतुलन के बूते पर ही भारत रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीद रहा है और इसी तेल को परिशोधित कर वह अन्य देशों को बेच रहा है, लेकिन भारत के सामने एक और चुनौती है। उसे लद्दाख में अपनी सीमा पर चीन के आक्रामक रुख का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही हिंद प्रशांत क्षेत्र में भी चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान व अन्य दक्षिण एशियाई देशों के साथ अपनी रणनीतिक भागीदारी के बूते पर चीन भारत को घेरने का प्रयास कर रहा है। वहीं, चीन-रूस के प्रगाढ़ होते रिश्ते भारत के लिए चुनौती हैं। इसलिए भी किसी भी पश्चिमी दबाव में भारत के लिए रूस से दूर जाना लाभदायक नहीं हो सकता।

पीएम मोदी ने यह दिखा भी दिया है कि वह रूस के साथ रिश्तों के मामले में किसी दबाव में नहीं आते। हालांकि अमेरिका को यह रास नहीं आता। वह बार-बार आर्थिक प्रतिबंधों का चाबुक फटकारता रहता है। फिर चाहे वह एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की खरीद हो या अन्य कोई सैन्य समझौता। अमेरिका इसका डर दिखाने से चूकता नहीं है, लेकिन हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का सामना करने के लिए अमेरिका को भारत की जरूरत है। यह चीनी आक्रामकता ही है कि भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया क्वाड के रूप में एकजुट हुए हैं, वहीं विश्व मंच पर एक मजबूत आर्थिक ताकत के रूप में उभरने के लिए भी भारत को अमेरिका के साथ मजबूत व्यापारिक व सैन्य रिश्तों की जरूरत है। यानी भारत को बदलती भू-राजनीति में इन दोनों विपरित ध्रुवों के बीच संतुलन साध कर आगे बढ़ना है और पीएम मोदी ने अपने पिछले दो कार्यकाल में यह बखूबी काम किया है। उन्होंने रूस के दोस्ती की उस नींव को डगमगाने नहीं दिया, जो दशकों पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रखी थी। उम्मीद है कि पीएम मोदी के रूस दौरे से इन रिश्तों को नया मुकाम मिलेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



## व्यंग्य

# बिना दाल के!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

डॉक्टर की मरीज को दी जाने वाली सलाह को पहले दाल का पानी देना, अब यही सलाह हर घर की आवश्यकता बन गई है। दाल की सब्जी की एवज दाल का पानी लेना ज्यादा बजटीय है। मेरी समस्या यह है कि मेरे शरीर में वैसे तो कई तरह की कमियां हैं, लेकिन प्रोटीन की कमी बहुतायत से है और डॉक्टर ने मुझे दाल का प्रयोग रोजाना एक टाइम तो आवश्यक रूप से बताया है। अभी परसों की बात है, पत्नी ने अपनी तबियत नासाज बताई तो मैंने कहा-'कोई बात नहीं, खाना बहार से मंगवा लेते है।' मैंने टिफिन सेंटर वाले को फोन करके कहा कि भइया एक प्लेट दाल व आठ चपातियाँ भिजवा देना। टिफिन सेंटर वाला बोला -'फ्राई दाल एक प्लेट सार की है।' मैंने कहा - पांच दिन पहले तो पचास की प्लेट थी, यकायक यह क्या हुआ? वह भी यही बोला -'दाल का भाव सुनोगे तो अंगुली दबा लोगे। हम क्या कर सकते हैं।'

अभी प्याज के भावों से तो मैं इसलिए विचलित नहीं हुआ था, क्योंकि प्याज हम पति-पत्नी दोनों ही नहीं खाते। जिस प्याज ने प्याजखोरों को रूलाया था, अब वह बाजार में खुद रो रहा है। लेकिन दाल तो पेट्रोल की तरह भभका उठी है। पिचहार से बढ़कर यकायक सौ डिग्री सेल्सियस का पारा छू रही है। आदमी की दाल-रोटी मुश्किल हो गई है। यह कहिये आदमी दाल पतली हो गयी है। सुबह पत्नी का भाई आ गया तो पत्नी ने हलुवा घोट दिया तथा चपाती-सब्जि बना दी। साले साहब बोले-'जीजू, साथ में एक प्लेट जीरे वाली दाल और बनवा लो तो खाने का मजा आ जायेगा। दस-पन्द्रह दिनों से दाल नहीं खा पाया हूँ। मजबूरी में बघार देकर दाल बनवानी पड़ी। कहने का मतलब यह है कि बिना दाल के पार पड़ने वाली है नहीं। वैसे भी सब्जियां थोड़ी सस्ती हुईं तो दाल उबल पड़ी। कहते हैं गरीब दाल रोटी खाता है। अब बताइए दाल-रोटी खाने वाला गरीब कहां से रहा? वह तो अमीरों की श्रेणी में आ गया, यदि वह दाल रोटी खा रहा है तो।

सरकार से कहते हैं कि यह दलहन को क्या हुआ तो वह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते डॉलर के भावों को दालों के बाजार भाव से जोड़ देती है। विपक्ष की भूमि का तो हमारे यहां आग में घी डालने की रही है। उसका कहना है कि जब देश की आवश्यकता पूरी नहीं हो रही तो दाल निर्यात करने की क्या जरूरत है? सरकार कहती है कि निर्यात रोक देगी तो विदेशी मुद्रा भण्डार कम हो जायेगा और मंहगाई आसमान को छूने लगेगी। पहले पेचिश हो जाता है और पेचिश की दवा करते हैं तो पेट खराब हो जाता है और पेट ठीक करने की दवा लेते हैं तो पेचिश फिर हो जाता है। बेचारी सरकार करे तो क्या करे? कौन सी बीमारी का इलाज पहले करे। सरकारें तो आती-जाती रहती हैं जी, परन्तु बिना दाल के मैं क्या करूं, जिसे दाल खाना आवश्यक रूप से बताया गया हो। सुना है प्रोटीन की कमी से, तपेदिक तक हो जाता है, तो फिर इस बाजार भाव में दाल खाई तो वैसे तपेदिक गृहस्थी की चिंताओं से हो जाने वाला है। क्या करूं या क्या नहीं करूं मेरी तो समझ से परे है। हां बिना दाल के स्वास्थ्य का समर्थन मेरे शरीर को नहीं मिलने वाला है।

### नॉलेज कॉर्नर: देशभर के सबसे सुरक्षित किलों में शामिल है जूनागढ़ फोर्ट

# ऐसा किला जिस पर कभी नहीं हुआ विदेशी हमला

राजस्थान के बीकानेर में स्थित एक गिरी दुर्ग है, जिसे जूनागढ़ किले के नाम से जाना जाता है। गिरी दुर्ग उस किले को कहा जाता है जो पहाड़ी पर बना होता है। ऐसे दुर्गों पर आक्रमण होने का खतरा भी बहुत कम होता है, इसलिए यह राजस्थान के सुरक्षित किलों में से एक है। यह राजस्थान का एकमात्र ऐसा किला है, जिस पर कभी कोई विदेशी आक्रमण नहीं हुआ। यह पहला ऐसा दुर्ग है जिसमें सबसे ज्यादा मंदिर, महल दरवाजे और कमरे हैं।

## फोर्ट का इतिहास

जूनागढ़ फोर्ट की नींव बीकानेर के संस्थापक राव बीकाजी ने सन् 1485 में रखी थी, जिसे 'बीकाजी की टेकरी' कहा जाता था। विधिवत रूप से किले का निर्माण कार्य महाराजा राय सिंह के शासन काल में शुरू हुआ। महाराजा राय सिंह ने किले का निर्माण सन् 1588 में शुरू करवा दिया था और सन् 1594 तक किला बनकर तैयार हो गया था। दुर्ग चतुष्कोणीय आकृति में बना हुआ है।



**आज भी मौजूद है जयमल व फत्ता की गजारूढ़ मूर्तियां...** राजस्थान के इतिहास में जयमल मेड़तिया और फत्ता सिसोदिया का नाम बड़ी शान से लिया जाता है। किले के सूरजपोल के दोनों तरफ इनकी गजारुढ़ यानि हाथी पर सवार मूर्तियां लगी हुई हैं। वर्ष 1567 में चित्तौड़गढ़ दुर्ग में साका हुआ, जिसमें ये दोनों दुर्ग की रक्षा करते हुए वीर गति को प्राप्त हुए थे।

## महल-संग्राहलय बेहद खूबसूरत

जूनागढ़ किले के अंदर कई कमरे और महल और संग्रहालय हैं। जिसमें बहुत ही दुर्लभ चित्र, गहने, हथियार और प्रथम विश्व युद्ध में काम में ली गई बाइप्लेन मौजूद हैं। एक हॉल की दीवारों पर उस्ता पेंटिंग की गई है। ऊंट की खाल पर की जाने वाली स्वर्ण मीनाकारी को उस्ता पेंटिंग कहते हैं, जो कि ईरान से ली गई है। हमने सुना है कि दीवारों के कान होते हैं, लेकिन किले में बने महलों के बारे में कहा जाता है कि जूनागढ़ के महलों की दीवारें तो बोलती हैं।

## अन्य नाम भी हैं किले के

*बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि यह दुर्ग राती घाटी नामक चट्टान पर बना हुआ है। इसलिए दुर्ग को राती घाटी का किला भी कहते हैं। इस किले को जमीन का जेवर भी कहा जाता है। जूनागढ़ किले को पहले चिंतामणि कहा जाता था, लेकिन 20 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में इसका नाम बदलकर जूनागढ़ कर दिया गया।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

"आभूषण उद्योग का राजस्थान हृदय है। एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत जयपुर को रत्न आभूषणों के लिए चिह्नित किया गया है। जयपुर नगर को, नगरों की पटरानी कहा गया था। जयपुर की ज्वैलरी और स्टोन, इस पटरानी की शोभा को और बढ़ाते हैं। जयपुर के अलावा कहीं और जौहरी बाजार नहीं है। राजस्थान को यह पहचान कुशल कारीगरों ने दिलाई है।"



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe

भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। उत्पादन का मूल्य 2023-24 में ₹1,26,887 करोड़ पहुँच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के उत्पादन मूल्य से 16.8% अधिक है। हम अपनी क्षमताओं को और बढ़ाने और भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक सहायक वातावरण विकसित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे सुरक्षा तंत्र को बढ़ाएगा और हमें आत्मनिर्भर बनाएगा।

### पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों की शपथ को लेकर नहीं थम रहा विवाद

## स्पीकर ने दिलाई शपथ, नाराज राज्यपाल ने राष्ट्रपति मुर्मू को लिखा पत्र

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में हाल ही हुए उप चुनाव में निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों की शपथ को लेकर विवाद थम नहीं रहा। हालांकि इन दोनों विधायकों रयात हुसैन सरकार और सायंतिका बनर्जी को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को सदन के विशेष सत्र में शपथ दिलाई। लेकिन राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस पर यह कहते हुए आपत्ति की है कि उन्होंने शपथ दिलाने के लिए विधानसभा उपाध्यक्ष को अधिकृत किया था। राज्यपाल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर कहा कि विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाना संविधान का उल्लंघन है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन की ओर से कहा गया, राज्यपाल ने अध्यक्ष के संवैधानिक रूप से अनुचित कदम के बारे में राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। राज्यपाल ने इसे संविधान का उल्लंघन करार दिया है।





### एक माह के गतिरोध के बाद विशेष सत्र में दिलाई शपथ

राजभवन और विधानसभा के बीच करीब एक महीने तक चले गतिरोध के बाद, विधानसभा अध्यक्ष ने दो विधायकों रयात हुसैन सरकार और सायंतिका बनर्जी को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शपथ दिलाई। हुसैन सरकार मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला से विधायक हैं। वहीं, सायंतिका बनर्जी कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बरानगर से विधायक हैं।

### यह है विवाद

लोकसभा चुनाव के साथ हुए दो सीटों पर हुए उपचुनाव में सायंतिका बंदोपाध्याय और रयात हुसैन ने जीत हासिल की थी। राज्यपाल ने दोनों को शपथ ग्रहण के लिए राजभवन आमंत्रित किया, लेकिन विधायकों ने राजभवन आकर शपथ लेने से इनकार कर दिया। विधायकों की मांग थी कि राज्यपाल द्वारा विधानसभा में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया जाए। हालांकि राज्यपाल के दिल्ली दौरे की वजह से इसमें देरी हुई। इस दौरान विधायकों ने कई दिनों तक विधानसभा परिसर में शपथ की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद विधानसभा के अध्यक्ष ने 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर शपथग्रहण समारोह से संबंधित गतिरोध को हल करने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था।

### हमने संविधान के अनुरूप काम किया: बनर्जी

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा है कि हमने संविधान के अनुरूप काम किया है। उन्होंने राज्यपाल के पत्र के संबंध में कोई टिप्पणी करने से इनकार किया। ज्ञात रहे कि गुरुवार देर शाम बदलते घटनाक्रम के बीच राज्यपाल ने विधानसभा उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया था। हालांकि विशेष सत्र के दौरान उपाध्यक्ष ने खुद को कार्यक्रम से अलग कर लिया और कहा कि जब अध्यक्ष आसान पर मौजूद हों तो उपाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाना मानदंडों के विरुद्ध है।

---

### के. कविता की न्यायिक हिरासत 18 तक बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता (46) की न्यायिक हिरासत 18 जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश सुनाया। इसके साथ ही राउज एवेन्यू कोर्ट शनिवार को उनके खिलाफ दायर चार्जशीट पर विचार कर सकता है। के. कविता को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया था। जिसके बाद विशेष सीबीआई न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता की न्यायिक हिरासत अगले 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। हालांकि सुनवाई के दौरान उनके वकील पी मोहित राव ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का विरोध किया।

### जनता ही मेरी एकमात्र पार्टी : अजित पवार

**मुंबई** । महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने लोगों से विकास के लिए उनका समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजनीति में कदम रखने के बाद से ही वह अपनी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भी साबित नहीं हुए। अजित पवार ने एक वीडियो मैसेज में कहा, लोग ही मेरी एकमात्र पार्टी है। मैं जो भी करूं, लोगों का कल्याण ही मेरी प्राथमिकता है। मैं हमेशा लोगों के फायदे के बारे में सोचता हूं। उन्होंने यह वीडियो लोक सभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा, राकांपा(अजित पवार) और शिवसेना (शिंदे)वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर असंतोष की अटकलों के बीच जारी किया है। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में महायुति ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से केवल 17 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी।

### इस साल चार राज्यों में हैं विधानसभा चुनाव, पार्टी दे रही रणनीति को धार

## भाजपा में बदलाव की शुरुआत 23 राज्यों के लिए प्रभारी घोषित

■ संबित पात्रा को बनाया पूर्वोत्तर का समन्वयक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा महासचिवों की गुरुवार को हुई एक अहम बैठक के एक दिन बाद भाजपा ने हरियाणा, झारखंड उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और ओडिशा समेत देश भर के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने प्रभारी और सह-प्रभारी घोषित कर दिए हैं। लोकसभा चुनाव की समाप्ति के बाद पार्टी में बदलाव की अटकलें लग रही थी। प्रभारियों की नियुक्ति से इस बदलाव की शुरुआत हो गई है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश को छोड़कर अधिकतर राज्यों के लिए प्रभारी और सह प्रभारियों के नामों की घोषणा कर दी है।

देश के अलग-अलग राज्यों में आगे होने वाले विधानसभा चुनाव के नजरिए से भाजपा की यह नियुक्ति अहम है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने प्रभारियों की नियुक्ति वाला आदेश जारी किया है। पार्टी ने बिहार में विनोद तावड़े को प्रभारी और दीपक प्रकाश को सह प्रभारी नियुक्त किया है. वहीं, महेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश की कमान दी गई है। राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को भी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें हरियाणा में प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सुरेंद्र सिंह नागर को सह-प्रभारी के तौर पर जिम्मा मिला है। वह राज्यसभा के सांसद भी हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड का प्रभारी बनाया गया है। झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। हरियाणा में भी इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ज्ञात रहे कि झारखंड- हरियाणा के अलावा इस साल महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके अलावा जम्मू कश्मीर में भी सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराए जाने की संभावना है। भाजपा इन सभी राज्यों में सत्ता में वापसी करना चाहेगी। पार्टी इसी को लेकर आगे बढ़ रही है। हाल ही में सांसद बने संबित पात्रा को भी बड़ी जिम्मेदारी मिली है और उन्हें पूर्वोत्तर का समन्वयक बनाया गया है।



### विनोद तावड़े को मिला बिहार का जिम्मा

भाजपा ने जिन प्रमुख राज्यों के प्रभारी घोषित किए हैं, उनमें से बिहार में विनोद तावड़े को जिम्मेदारी मिली है। उनके साथ सह-प्रभारी के तौर पर दीपक प्रकाश रहेंगे, जो सांसद भी हैं। विनोद तावड़े फिलहाल राष्ट्रीय महासिचव हैं और संगठन में उनका बड़ा कद है।

- बिहार : प्रभारी- विनोद तावड़े, सह प्रभारी- दीपक प्रकाश (सांसद)
- छत्तीसगढ़ : प्रभारी- नितिन नवीन (विधायक)
- हरियाणा : प्रभारी- सतीश पूनिया, सह प्रभारी- सुरेंद्र सिंह नागर
- हिमाचल प्रदेश : प्रभारी- श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी- संजय टंडन
- झारखंड : प्रभारी- लक्ष्मीकांत वाजपेयी
- कर्नाटक : प्रभारी- राधा मोहन दास अग्रवाल, सह प्रभारी-सुधाकर रेड्डी
- केरल : प्रभारी- प्रकाश जावड़ेकर, सह प्रभारी-अपराजिता सारंगी
- ओडिशा : प्रभारी- विजयपाल सिंह तोमर, सह प्रभारी-लता उसेंडी
- पंजाब : प्रभारी-विजय रूपाणी, सह प्रभारी-डॉ नरेंद्र सिंह
- उत्तराखंड : प्रभारी-दुष्यंत कुमार गौतम, सह प्रभारी-रेखा वर्मा
- अरुणाचल प्रदेश : अशोक सिंघल (विधायक)
- गोवा : प्रभारी-आशीष सूद
- जम्मू-कश्मीर : प्रभारी- तरुण चुघ, सह प्रभारी-आशीष सूद
- लद्दाख : प्रभारी- तरुण चुघ,
- मध्य प्रदेश : प्रभारी- महेंद्र सिंह, सह प्रभारी- सतीश उपाध्याय
- मणिपुर : प्रभारी- डॉ अजित गोपछडे
- मेघालय : प्रभारी-अनिल एंटोनी
- मिजोरम : प्रभारी- देवेश कुमार
- नागालैंड : प्रभारी- अनिल एंटोनी
- पुडुचेरी : प्रभारी- निर्मल कुमार सुराना
- सिक्किम : प्रभारी- दिलीप जायसवाल
- अंडमान निकोबार : प्रभारी- रघुनाथ कुलकर्णी
- दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव : प्रभारी- दुष्यंत पटेल
- नॉर्थ ईस्ट स्टेट : कोऑर्डिनेटर- संबित पात्रा, ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर- वी मुरलीधरन

### CBI गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती

## केजरीवाल की याचिका पर CBI से जवाब मांगा, 17 को सुनवाई




**एजेंसी** | नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले से जुड़े एक केस में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। केजरीवाल की याचिका पर अब 17 जुलाई को सुनवाई होगी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई हुई। इस दौरान केजरीवाल ने अपने लिए राहत की मांग करते हुए यह भी कहा कि वह कोई आतंकवादी नहीं हैं।

केजरीवाल ने सीबीआई गिरफ्तारी और रिमांड को भी इसी अदालत में चुनौती दी है। केजरीवाल को ईडी केस में निचली अदालत से जमानत मिल गई थी, लेकिन हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। इसके बाद उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था। केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच के सामने केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने दलीलें रखीं। सिंघवी ने कहा, केजरीवाल को ईडी केस में ट्रायल कोर्ट से बेल मिल गई और इसके बाद ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वह कोई घोषित अपराधी या आतंकवादी नहीं हैं। वह कुछ अंतरिम राहत मांग रहे हैं। सीबीआई के वकील एडवोकेट डीपी सिंह ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा, उन्होंने गिरफ्तारी को चुनौती दी है, यह पहले से पेंडिंग है। जमानत के लिए पहली अदालत ट्रायल कोर्ट होनी चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ता ट्रायल कोर्ट गए बिना सीधे यहां आ गए हैं। इस दलील पर आगे विचार किया जाएगा। सीबीआई को एक सप्ताह में अपना जवाब देना है। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को न्यायिक हिरासत में रहते हुए गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें अदालत की अनुमति से तीन दिन रिमांड पर रखा गया।

### RSS प्रमुख भागवत समेत शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल

## संघ के प्रांत प्रचारकों की बैठक 12 से रांची में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के परिणाम और आगामी विधानसभा चुनावों के बीच में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी प्रांत प्रचारकों की वार्षिक बैठक अगले सप्ताह झारखंड की राजधानी रांची में होगी जिसमें संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी शामिल होंगे। लोकसभा चुनावों के बाद आरएसएस के प्रांत प्रचारकों की यह पहली वार्षिक बैठक है। बैठक 12 से 14 जुलाई के बीच में होगी। ज्ञात रहे कि इस साल महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसके अलावा जम्मू कश्मीर में भी सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराए जाने की संभावना है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 12 जुलाई से शुरू होने वाली तीन दिवसीय बैठक में प्रांत प्रचारक मई-जून में हुए संघ के प्रशिक्षण शिविरों की समीक्षा करेंगे। आरएसएस ने अपनी संरचना के अनुसार देश को 46 प्रांतों में बांट रखा है। यह सभी प्रांत प्रमुख इस दौरान रांची में मौजूद रहेंगे। आंबेकर ने कहा कि प्रांत प्रचारक आपस में मिलकर आने वाले साल के लिए क्या योजनाएं बनानी हैं और उनका कैसे क्रियान्वयन करना है, इस पर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि सरसंघचालक मोहन भागवत भी इस दौरान सभी को अपना मार्गदर्शन देंगे। दरअसल, आगामी वर्ष स्वयं सेवक संघ के लिए शताब्दी वर्ष होगा। ऐसे में इस वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



### दिल्ली में होगी सोशल मीडिया प्रमुखों की बैठक

रांची में होने वाली बैठक से पहले संघ से जुड़े तमाम सोशल मीडिया प्रभारियों की एक बैठक दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इस बैठक के जरिए संघ और उसके साथी संगठनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर किए जा रहे दुष्प्रचार से निपटने के उपायों पर विचार किया जाएगा। इस बैठक में राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर और सह कार्यवाह अरुण कुमार शामिल होंगे।

### महाराष्ट्र: विधान परिषद चुनाव

## 11 सीट, 12 प्रत्याशी, रोचक मुकाबला

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 12 जुलाई को होना है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ®पंकजा मुंडे और उद्धव ठाकरे के निजी सहायक मिलिंद नार्वेकर समेत कुल 12 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। शुक्रवार को चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। वर्तमान 11 विधान पार्षदों का छह वर्ष का कार्यकाल 27 जुलाई को समाप्त हो रहा है। भाजपा ने हाल में बीड से लोकसभा चुनाव हार चुकीं पंकजा मुंडे समेत अमित गोरखे, सदाभाऊ खोत और योगेश तिलेकर को मैदान में उतारा है जबकि परिषद के मौजूदा सदस्य परिणय फुके को फिर से टिकट दिया है। चुनाव मैदान में सत्तारूढ़ महायुति की तरफ से 9 और विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए)के तरफ से 3 उम्मीदवार मैदान में हैं। एमवीए के पास संख्या बल नहीं है, लेकिन वह उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के कुछ विधायकों पर भरोसा कर रही है, जो उनके पक्ष में मतदान कर सकते हैं। लोकसभा चुनावों के बाद ऐसी खबरें आई हैं कि अजित पवार गुट के कई विधायक एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के संपर्क में हैं। इससे अजित पवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ।

### यह है वोटों का गणित

महाराष्ट्र विधानसभा में वर्तमान में कुल 274 सदस्य है, एक उम्मीदवार को जीतने के लिए 23 वोटों की आवश्यकता होगी। वर्तमान में भाजपा के 103, शिव सेना (शिंदे)के 38, एनसीपी (अजित) के 42, कांग्रेस के 37, शिव सेना (यूबीटी) के 15 और एनसीपी (एसपी) के 10 सदस्य हैं। प्रहार जनशक्ति पार्टी, बीवीए, समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम के दो-दो, जबकि जनसूराज्य, आरएसपी, पीडब्ल्यूपी, एमएनएस, सीपीएम, स्वाभीमानी पक्ष, क्रांतिकारी क्षेत्र पार्टी के एक-एक विधायक हैं। इसके अलावा 13 स्वतंत्र विधायक भी हैं।

---

### राजद ने स्थापना दिवस मनाया

## दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर, अगस्त तक गिर जाएगी: लालू

**एजेंसी** | पटना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को दावा किया है कि दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और यह अगस्त तक गिर जाएगी। वहीं, लालू के बेटे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भी कहा कि केंद्र सरकार कभी भी गिर सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में समय से पहले मध्यावधि चुनाव संभव है। उन्होंने यह भी दावा किया कि दिसंबर 2024 या 2025 में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, बिहार में महागठबंधन की सरकार बन जाएगी।



लालू यादव और तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को राजद के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। स्थापना दिवस समारोह पटना स्थित आरजेडी कार्यालय में आयोजित किया गया। इसमें लालू यादव और तेजस्वी यादव समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। लोकसभा में राजद संसदीय दल के नेता अभय कुशवाहा ने चांदी का मुकुट पहनाकर तेजस्वी यादव का स्वागत किया। इस मौके पर लालू यादव ने अपने संबोधन में कि हम लोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण ही राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और हो सकता है कि अगस्त तक ही यह गिर जाए। चुनाव कभी भी हो सकते हैं। पार्टी कार्यकर्ता तैयार रहें।

### भाजपा ने 75% आरक्षण को रोकने की साजिश रची

वहीं, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में दावा किया कि नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराएं, राजद ही सरकार बनाएगी। तेजस्वी ने इशारों-इशारों में सीएम नीतीश कुमार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता दल से टूटकर कई दल बने, जो समाजवादी विचारधारा से हट गए। नीतीश कुमार की जेडीयू की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने सत्ता के लालच में भाजपा से हाथ मिला लिया। मगर राजद इकलौती ऐसी पार्टी है, जिसने आज तक भाजपा के सामने घुटने नहीं टेके। हमारी लड़ाई शोषित, पीड़ित और कमजोर वर्ग की है। हम चाहते हैं कि इन लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

### राजद का वोट शेयर बढ़ा

तेजस्वी यादव ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में आरजेडी का वोट शेयर 9 फीसदी बढ़ गया, जबकि एनडीए के वोट प्रतिशत में 6 फीसदी की गिरावट हुई। उन्होंने कहा कि आरजेडी शून्य से चार पर पहुंच गई, थोड़ी और मेहनत करते तो चार-पांच सीटें और जीत सकते थे। महागठबंधन ने इस लोकसभा चुनाव में 9 सीटें जीतीं। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हमारे सबसे ज्यादा विधायक थे और सर्वाधिक वोट भी हमें मिले। उन्होंने सत्ताधारी दल पर 10-12 सीटों पर बेमानी करके आरजेडी को हराने का आरोप भी लगाया।

### 15 दिन में 12 पुलों का गिरना सामान्य घटना नहीं

तेजस्वी ने कहा कि बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। जिस दिन से नीतीश कुमार सीएम बने हैं। सिर्फ 18 महीने को छोड़ दें तो पूरे समय ग्रामीण कार्य विभाग जदयू के पास ही रहा है। बिहार में लगातार भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। बिहार में लगातार अपराध की घटनाएं हो रही हैं। जिन लोगों ने बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई बढ़ाई, जिन लोगों के कार्यकाल में पुल टूटे, उन्हें हम सत्ता में वापस नहीं आने देंगे।

## जरूरी खबर

### पंजाब में शिवसेना नेता पर हमला गंभीर घायल

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में शिवसेना पंजाब के नेता संदीप थापर गोरा पर कातिलान हमला हुआ है। वारदात सिविल अस्पताल के बाहर हुई। निहंग वेश में आए चार आरोपियों ने तेजधार हथियारों से गोरा पर वार किया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गोरा शुक्रवार सुबह अपने गनमैन के साथ सिविल अस्पताल आए थे। वे समागम में माथा टेकने के बाद जैसे ही बाहर निकले तो निहंग के वेश में आए चार युवकों ने उन पर तेजधार हथियार से वार कर दिया। इस दौरान उनका गनमैन मूकदर्शक बनकर खड़ा रहा और उसने गोरा को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया। लहुलुहान हालत में गोरा को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सेना को मिली 35000 एके-203 राइफल्स



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8-9 जुलाई को प्रस्तावित रूस यात्रा से पहले ही भारतीय सेना को 35,000 एके-203 (AK-203) कलाश्निकोव असॉल्ट राइफलों की डिलीवरी कर दी गई है। इससे पहले इसी साल मई में 27 हजार एके-203 राइफलें भारतीय सेना को सौंपी गई थीं। खास बात यह है कि इन राइफलों को बनाने में इस्तेमाल हुए 25 फीसदी पार्ट भारत में तैयार किए गए हैं। इन राइफलों को भारत-रूस संयुक्त उपक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के अमेठी में बनाया जा रहा है। भारत सरकार की तरफ से इन असाल्ट राइफलों को बनाने के लिए जुलाई 2021 में रूस के साथ 5000 करोड़ रुपए के करार पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### तमिलनाडु प्रदेश बसपा अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या

**चेन्नई।** तमिलनाडु में शुक्रवार को प्रदेश बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या कर दी गई। यह घटना चेन्नई के पेरांबूर में आर्मस्ट्रांग के घर के पास हुई। 6 अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। आर्मस्ट्रांग को गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। आर्मस्ट्रांग पेशे से वकील और राज्य में दलितों की आवाज के रूप में जाने जाते थे। वह पहले ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन में पार्षद रह चुके थे।

## राष्ट्रपति ने 36 जांबाजों को वीरता पदकों से किया सम्मानित



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सशस्त्र बलों, केन्द्रीय पुलिस बलों और राज्य पुलिस बलों के सर्वोच्च बलिदान देने वाले 36 जांबाजों को वीरता पदकों से सम्मानित किया। दस जांबाजों को कीर्ति चक्र तथा 26 को शौर्य चक्र प्रदान किए गए। सात कीर्ति चक्र और सात शौर्य चक्र मरणोपरांत दिए गए।*

### असम में बाढ़ से बिगड़े हालात 62 की मौत



**गुवाहाटी।** असम में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से हालात और बिगड़ गए हैं। 24 घंटे में छह और मौतों के बाद मरने वालों की कुल संख्या 62 हो गई है। असम सरकार के अनुसार, खराब हालात की वजह से बचाव और राहत की कोशिशें बढ़ाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को डिब्रूगढ़ जिले के शहरी इलाकों समेत कई बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और तटबंधों में दरारों से हुए नुकसान का जायजा। राज्य में बाढ़ से 29 जिलों के कुल 21 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं, जबकि 57,018 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न है। राज्य की बड़ी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं काजीरंगा नैशनल पार्क के 95 शिविरों से जानवरों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया है।

## हाथरस दुखान्तिका: जांच में आई तेजी

# एक लाख का इनामी मुख्य आरोपी मधुकर दिल्ली से हुआ गिरफ्तार

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ हाथरस।

हाथरस भगदड़ के बाद हुए हादसे का मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को शुक्रवार की रात दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार किया गया है। उस पर गुरुवार को ही पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। मधुकर कथावाचक सूरज पाल उर्फ भोले बाबा का मुख्य सेवादार है। भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने हालांकि दावा किया है कि मधुकर को उत्तर प्रदेश पुलिस और एसटीएफ के सामने सरेंडर कराया गया है। वकील ने कहा कि वह हार्ट का मरीज है। उसका इलाज दिल्ली में चल रहा था। हालत स्थिर होने पर पुलिस को सौंपा गया है। हाथरस में दो जुलाई को सूरज पाल उर्फ भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। हाथरस पुलिस ने एफआईआर में मधुकर को ही मुख्य आरोपी के तौर पर नामजद किया था।

### न्यायिक आयोग आज जाएगा हाथरस

दूसरी ओर हाथरस हादसे की जांच के लिए सीएम योगी के निर्देश पर गठिक न्यायिक आयोग शनिवार को हाथरस पहुंचकर जांच शुरू कर देगा। तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग इस दौरान सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण करने के अलावा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर सकता है।

### एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट...आयोजकों को ठहराया जिम्मेदार

वहीं, हादसे की जांच को गठित एसआईटी ने अपनी एक पेज की प्रारंभिक रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार रात शासन को सौंपी है। एसआईटी ने अपनी जांच में प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ितों के साथ पुलिस, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों के बयान दर्ज किए। जांच टीम ने माना है कि सत्संग के बाद अनुयायियों को निकालने के लिए गलत रास्ते का चुनाव किया गया। इसका जिम्मेदार आयोजकों को ठहराया गया है। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन आदि को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।



### पीड़ित परिवारों से मिले राहुल गांधी

रायबरेली से कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के पिलखना गांव पहुंचे और हाथरस भगदड़ के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान एक बच्ची कांग्रेस नेता के गले लगकर फफक-फफक कर रोने लगी। राहुल गांधी से मिली एक बुजुर्ग महिला ने अपनी नम आंखों से उनको बताया की कैसे इस हादसे ने उनके परिवार की जिंदगी बदल दी।

## J&K: चुनाव आयोग ने 10 को बुलाई बैठक

# चुनाव की घोषणा अमरनाथ यात्रा के बाद!

**एजेंसी** | श्रीनगर

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सभी जिला चुनाव अधिकारियों की एक बैठक 10 जुलाई को बुलाई है। बैठक में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की प्रगति का जायजा लिया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग 19 अगस्त के बाद किसी भी समय चुनावों की घोषणा कर सकता है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में जारी श्री अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को रक्षाबंधन वाले दिन संपन्न होगी। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव संबंधी




तैयारियों को गति देते हुए हाल ही में गैर-पंजीकृत दलों से चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए आवेदन भी आमंत्रित किए थे। इसके अलावा प्रदेश में मतदाता सूचियों की पुनरीक्षण की प्रक्रिया भी जारी है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में इससे पहले विधानसभा चुनाव वर्ष 2014 में हुए थे।

### अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 20 अगस्त को!

प्रदेश में अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 20 अगस्त को होना है। बता दें कि वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए होने वाली इस बैठक में प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए मुद्दों, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की भूमिकाओं व तैनाती की मौजूदा स्थिति और घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन की प्रगति की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

## कोलकाता-जयपुर में ED की रेड, नकदी-डॉक्यूमेंट जब्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली।

करीब 447.44 करोड़ बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने मैसर्स प्राइम पल्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में ईडी ने कोलकाता और जयपुर में 11 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। अभियान के दौरान करीब 41 लाख रुपए की नकदी बरामद की है। ईडी ने मैसर्स प्राइम पल्स लिमिटेड और अन्य




के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), बीएस एंड एफसी (कोलकाता) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

## ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तन...

# भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी के हिमायती हैं स्टार्मर





**एजेंसी** | नई दिल्ली

ब्रिटेन में आम चुनाव में 14 साल बाद लेबर पार्टी के सत्ता में आने और कीर कीर स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने का असर वहां की विदेश नीति पर भी असर होगा। ऐसे में खासतौर से भारत के लिए ब्रिटेन में क्या बदलेगा,यह बहुत ही अहम होगा। चुनाव अभियान के दौरान लेबर नेता कीर स्टार्मर ब्रिटिश भारतीयों के साथ-साथ भारत को भी लुभाने की कोशिश करते देखे गए। स्टार्मर ने लेबर पार्टी और भारत के बीच तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की बात कही और सरकार बनाने पर भारत के साथ एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया। चुनाव अभियान के दौरान स्टार्मर ने लेबर पार्टी के पिछले नेतृत्व की तुलना में भारत के प्रति समर्थन का रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि वे ब्रिटेन और भारत के बीच विश्वास को फिर से बनाने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। लेबर पार्टी के भीतर भारत विरोधी भावनाओं को खत्म करने के लिए स्टार्मर ने कदम उठाया है। चुनाव प्रचार के दौरान स्टार्मर ने लंदन में एक हिंदू मंदिर की यात्रा के दौरान भारत के साथ एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी बनाने की बात पर जोर दिया।

### भारत को यह है उम्मीद: एफटीए पर आगे बढ़ेगी वार्ता

जानकारों के अनुसार भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के लिए वार्ता काफी समय से चल रही है। जानकारों के अनुसार हालांकि दोनों देशों में आम चुनाव की वजह से वार्ता प्रभावित हुई हैं लेकिन दोनों में नई सरकार के गठन के बाद इस पर जल्द सहमति बनने की संभावना है। कूटनीतिक सूत्रों का कहना है कि लेबर पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई है। लेबर पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भारत के साथ एफटीए के प्रति अपना समर्थन देने की बात कही थी। भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2021 में वर्ष 2030 तक के द्विपक्षीय रिश्तों का एजेंडा तय किया गया है। इसमें कारोबार, निवेश और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में संबंधों के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए गए हैं। एफटीए करने की सहमति इसी रोडमैप का हिस्सा है।

### खालिस्तान समर्थकों पर होगी कार्रवाई

ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तन के साथ ही एक यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या ब्रिटेन की नई सरकार खालिस्तान समर्थक संगठनों पर लगाम लगाने में क्या और ज्यादा तेजी दिखाएगी। खालिस्तान समर्थकों ने कई बार भारतीय उच्चायोग के सामने हिंसक प्रदर्शन किए हैं जिसका असर दोनों देशों के रिश्तों पर भी पड़ा है। हालांकि पूर्ववर्ती सुनक सरकार उनके खिलाफ कदम उठाती रही है। भारत को उम्मीद रहेगी कि नई सरकार खालिस्तान समर्थक तत्वों पर लगाम कसेगी।

### रणनीतिक संबंध हो सकते हैं मजबूत

लेबर पार्टी ने भारत के साथ नए रणनीतिक संबंध बनाने की बात कही है जिसे भारत के लिहाज से काफी सकारात्मक माना जा रहा है। हाल के वर्षों में ब्रिटिश सरकार ने प्रौद्योगिकी और फिनटेक क्षेत्र में भारत के साथ संबंधों को मजबूत बनाने पर खास जोर दिया है। नई सरकार इसे और धार दे सकती है।

### रिपोर्ट में भारत को यह सलाह

रिपोर्ट में भारत को सलाह दी गई है कि नई ब्रिटिश सरकार के साथ एफटीए को लेकर होने वाली आगामी वार्ताओं में अपने हितों से जुड़े मुद्दों पर डटकर खड़ा रहना चाहिए। यह समझौता ऐसा होना चाहिए कि दोनो देशों को फायदा हो।

### यहां आ सकती है दिक्कत

अंतरराष्ट्रीय कारोबार पर शोध रिपोर्ट तैयार करने वाली एजेंसी जीटीआरआई ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा है कि ब्रिटेन की नई लेबर पार्टी की सरकार को प्रस्तावित एफटीए में भारतीय प्रोफेशनलों को ज्यादा सहूलियत देने संबंधी बातों के अलावा अन्य किसी बात पर दिक्कत नहीं होगी क्योंकि यह ब्रिटेन की कंपनियों को भारतीय बाजार में आसानी से प्रवेश करने का रास्ता खोलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# कोई जन्मजात नहीं होता अपराधी, बनाया जाता है

■ शीर्ष अदालत ने नकली नोट मामले में गिरफ्तार आरोपी की चार साल से रुकी सुनवाई के दौरान कही यह बात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अपराधी पैदा नहीं होते, बल्कि बनाए जाते हैं। किसी के अपराध करने के पीछे कई कारक जिम्मेदार होते हैं। निसंदेह हर संत का एक बीता हुआ कल होता है और हरेक पापी का एक भविष्य होता है। सर्वोच्च अदालत ने इस टिप्पणी के साथ दो हजार के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार हुए एक आरोपित की चार साल से रुकी सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी करते हुए उसे सशर्त जमानत दे दी। विगत तीन जुलाई के अपने आदेश में जस्टिस जेबी पारदीवाला और उज्वल भुयन की खंडपीठ ने कहा कि लोग जन्म से अपराधी नहीं होते हैं। हर इंसान में मानवीय गुणों को उभारने की गुंजाइश होती है। इसीलिए किसी भी अपराधी के सुधरने की उम्मीद को खारिज नहीं किया जाना चाहिए।



### यह भी कहा कोर्ट ने

निसंदेह हर संत का एक बीता हुआ कल और हरेक पापी का एक भविष्य होता है।

### ये है मामला

इस आरोपी को 9 फरवरी, 2020 में मुंबई के अंधेरी में दो हजार के 1193 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि नकली नोट पाकिस्तान से तस्करी करके मुंबई लाए गए थे। सर्वोच्च अदालत का कहना है कि इसी मामले में दो अन्य आरोपित जमानत पर बाहर हैं।

### अपराध करने की कई वजह हो सकती हैं

कोर्ट ने कहा, प्राय: यह मूलभूत मानवीय सिद्धांत वयस्क या किशोर अपराधियों के संबंध में विचार करते हुए लोग भूल जाते हैं। अपराध करने की कई वजहें हो सकती हैं। यह कारक आर्थिक, सामाजिक या नैतिक मूल्यों के साथ मां-बाप की अनदेखी आदि हो सकते हैं। अपराध किसी आवेश या परिस्थितिजन्य भी हो सकते हैं।

### अपराधी को जल्द से जल्द सुनवाई का अधिकार

खंडपीठ ने कहा कि अपराध कितना ही गंभीर क्यों नहीं हो, एक अपराधी को जल्द से जल्द सुनवाई का अधिकार है। लेकिन एक अरसे से सुनवाई अदालतें और हाई कोर्ट कानून के इस बहुत ही मान्य सिद्धांत को भूल गए हैं। उन्हें समझना होगा कि जमानत को सजा के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। अगर संबंधित अदालत समेत कोई राज्य या अभियोजन पक्ष को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपित के मूलभूत अधिकारों को प्रदान करने या सुरक्षित करने की चिंता नहीं है तो उन्हें अपराध गंभीर मानते हुए जमानत से वंचित करने का कोई अधिकार नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि वह आरोपित की जमानत मंजूर कर रही है, लेकिन वह मुंबई शहर छोड़कर नहीं जा सकेगा। उसे हर 15 दिन में संबंधित एनआईए कार्यालय या पुलिस थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

## आईसीए रेजीडेंसी में लाइव आर्ट वर्कशॉप, 6 महिला आर्टिस्ट्स ने दिखाया हुनर


# लुप्त होती शैलियों के संग

# कैनवास पर दिखे प्रकृति, प्रेम और बचपन के अनूठे रंग

बेधड़क | जयपुर

गर्मियों की छुट्टी, आम की क्यारियां और सुकून भरी नींद, कुछ ऐसी ही बचपन की यादें कैनवास पर रंगों से सजी दिखी। मौका था आईसीए रेजीडेंसी में आयोजित हुई लाइव पेंटिंग वर्कशॉप का, जिसमें दिल्ली, पुणे, लखनऊ और भोपाल से 6 महिला आर्टिस्ट्स ने गुलाबी नगरी में मानसून का लुफ्त उठाते हुए अपनी भावनाओं को कैनवास पर उकेरा।

आईसीए रेजीडेंसी से अभिनव बंसल और क्यूरेटर हेम राणा ने बताया कि 10 दिवसीय वर्कशॉप में हमने भारत के अलग-अलग कोनों से आर्टिस्ट्स को आमंत्रित किया है। राजस्थान में पहली बार हो रही इस तरह की रेजीडेंसी वर्कशॉप्स में आमंत्रित हो रहे दुनियाभर से आए आर्टिस्ट्स को अपनी शैलियों का सजीव प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। सभी आर्टिस्ट्स क्षेत्रीय और भारत की लुप्त होती जा रही शैलियों को पुनःजीवित करने हुए जयपुर के यंग आर्टिस्ट्स को भी कला की बारीकियां प्रदान करते हैं।









### सुकून की तलाश, एआई फ्यूचर और नेचर का प्रदर्शन

वर्कशॉप में भोपाल से आर्टिस्ट कुसुम लता ने प्रतीकात्मक और अमूर्त शैलियों के फ्यूजन के साथ अपनी कलाकृति तैयार की। उनके द्वारा तैयार की गई दो पेंटिंग्स में उन्होंने मनुष्य, जीवन और सृष्टि के आपसी ताल-मेल और अनदेखे धागों को प्रदर्शित किया। इसमें उन्होंने ऐक्रेलिक कलर्स के साथ इंक और पस्टेल के मेल से रिश्तों के ताने-बाने दर्शाए। वहीं, लखनऊ से आर्टिस्ट तरन्नुम ने अपनी कलाकृतियों में सुकून की तलाश को सिंबॉलिक तौर पर दिखाया। जहां उन्होंने अपनी एक कला को कच्ची मिटटी के रंगों से तराशा, वहीं दूसरी कलाकृति को पकी हुई मिट्टी का रंग दिया। कैनवास पर फ्लैट कलर्स के स्ट्रोक्स के साथ उन्होंने ब्रश से बारीक काम में आध्यात्मिक, सांसारिक और विचारत्मक भाव दिखाए। पुणे से आर्टिस्ट स्मृति जोशी ने मिक्स मीडिया के जरिए एआई और मनुष्य के बीच की कश्मकश को प्रस्तुत किया। जहां उन्होंने टेक्नोलॉजी, रोबोट्स, ह्यूमन ब्रेन और साइंस पर कटाक्ष करते हुए अब्स्ट्रक्ट आर्ट फॉर्म प्रदर्शित किया।

### रविंद्र नाथ टैगोर के घर से मिली कला की प्रेरणा

दिल्ली की आर्टिस्ट चांदना भटाचार्य ने बताया कि पिता आर्मी में थे और उनकी कला और साहित्य की रूचि ने मुझे कलाकार बनने के लिए प्रेरित किया। बचपन कोलकाता में बिता और पास का घर ही रविंद्र नाथ टैगोर का था, उनके घर में होने वाले कला के कार्यक्रमों को देख मुझमें भी कलाकार बनने का जूनून आया। वर्कशॉप में तैयार की गई पेंटिंग्स में मैंने प्रकृति को सहजने का संदेश दिया, जिसके लिए मैंने वाश पेंटिंग शैली को कैनवास पर दर्शाया। साथ ही दिल्ली से आई आर्टिस्ट अंजुम ने बताया कि पिता को कला में खासा दिलचस्पी थी, जिसके चलते उन्हें कला के क्षेत्र में आने का मौका मिला। हमेशा से महिला सब्जेक्ट में आर्ट कर रही अंजुम ने इस वर्कशॉप के लिए प्रेम को अपना थीम चुना, जिसमें उन्होंने कृष्ण की छवि को प्रेम के प्रतीत के रूप में दिखाया। साथ ही क्ले को गुलाब का आकार देते हुए फंगस की लेयर का रूप दिया। वहीं, दिल्ली की ही आर्टिस्ट मीणा लैशराम ने अपनी दो पेंटिंग्स में बचपन की यादें ताजा की, जिसमें उन्होंने अपनी बहन के साथ बिताए दिनों को खूबसूरती से कैनवास पर प्रस्तुत किया। कर्वी फाइन लाइंस से किए गए बारीक काम से उन्होंने गर्मियों की छुट्टियां, सुकून की नींद और दोस्ती को शानदार रंगों के समावेश से सजाया।

## धनुष की कुबेरा से रश्मिका का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट



**बेधड़क. जयपुर।** पैन इंडिया फिल्म कुबेरा से रश्मिका मंदाना का पहला लुक पोस्टर शुक्रवार को रिलीज किया गया है। इसमें रश्मिका जंगल के बीचों-बीच लगेज हाथ में थामे खड़ी नजर आ रही हैं। एक हाथ से उन्होंने कसकर लगेज को पकड़ा हुआ है और दूसरे हाथ में चुन्नी के पल्लू को। चेहरे के भावों से लग रहा है कि उन्होंने कुछ अन अपेक्षित देखा है। बता दें कि इस पैन इंडिया मूवी में धनुष और नागार्जुन लीड रोल में है। फिल्म का डायरेक्शन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कमुला ने किया है। इसके प्रोड्यूसर हैं सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव। सोनाली नारंग प्रस्तुत कुबेरा का संगीत डीएसपी ने दिया है।

## गिप्पी और एमी विर्क की पंजाबी फिल्म 'सरबाला जी' अनाउंस




**बेधड़क. जयपुर।** पंजाबी फिल्में इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इससे पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में उठाव आया है। यही कारण है कि यहां पर आए दिन नई मूवीज अनाउंस हो रही हैं। लेटेस्ट घोषणा 'सरबाला जी' मूवी की हुई है। शुक्रवार को इसका टाइटल लुक जारी करने के साथ ही कास्ट अनाउंस की गई है। इस मूवी में गिप्पी ग्रेवाल, एमी विर्क, सरगुन मेहता और निमरत खैरा लीड रोल में नजर आएंगे। जल्द ही मूवी की शूटिंग शुरू की जाएगी। इसे 2025 में रिलीज किए जाने की योजना है। टिप्स फिल्म्स एवं कुमारतौरानी प्रस्तुत इस मूवी का निर्देशन मनदीप कुमार करेंगे।

## City इवेंट्स

### पावन चिंतन धारा आश्रम के युवा करेंगे नाटक



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 6 जुलाई को पावन चिंतन धारा आश्रम के युवा भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित नाटक का मंचन करेंगे। यह नाट्य प्रस्तुति आश्रम के परिवर्तन प्रकल्प द्वारा दी जाएगी। प्रकल्प से जुड़े युवाओं ने बताया कि जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने अर्जुन को दिशा दी थी, उसी प्रकार वह आज के युवाओं को भी दिशा देते हैं। साथ ही बलराम उनके पराक्रमी योद्धा व योगेश्वर स्वरूप का विवरण कर भगवान के द्वारा सहे गए कष्टों से सभी को अवगत कराते हैं। ऐसी प्रस्तुति से युवाओं का आत्मबल बढ़ता है और यही इस मंचन का उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में दिल्ली, गाजियाबाद, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, पुणे आदि शहरों से लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### 'नैणा रा झरोखा सूं' कार्यक्रम आज

**बेधड़क. जयपुर।** डीडी राजस्थान के स्थापना दिवस पर 6 जुलाई को विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। डीडी राजस्थान के उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) एवं केंद्र अध्यक्ष सतीश देपाल ने बताया कि डीडी राजस्थान ने जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्यक्रमों का प्रसारण करते हुए दर्शकों में गहरी साख स्थापित की है। कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर एक विशेष कार्यक्रम 'नैणा रा झरोखा सूं' (डीडी राजस्थान रा 37 बरस) का प्रसारण 6 जुलाई को रात आठ बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम कुचामनी ख्याल लोकनाट्य शैली के प्रसिद्ध कलाकार दयाराम भांड एवं तमाशा शैली के प्रख्यात कलाकार दिलीप भट्ट की प्रस्तुतियों से गुलजार होगा।

### वैष्णो देवी मंदिर में घट स्थापना आज



**बेधड़क. जयपुर।** गुप्त नवरात्र में मानसिक इच्छाओं की कामना की पूर्ति को सिद्ध करने के लिए श्री खोले के हनुमान मंदिर की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन माता वैष्णो देवी मंदिर में प्रात: 11 बजे घट स्थापना कर दुर्गा सप्तमी के पाठ आरंभ किए जाएंगे। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि चैत्र व अश्विन माह में नौ देवियों की पूजा की जाती है, लेकिन गुप्त नवरात्र आषाढ़ माह में दस देवियों माता कालके, माता तारादेवी, माता त्रिपुरा सुन्दरी, माता भूवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, माँ बग्लामुखी, माता धूमावती, माता मातंगी, माता कमला देवी एवं माता त्रिपुरा भैरवी का पूजन किया जाता है। प्रत्यक्ष नवरात्रा में सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति होती है, वही गुप्त में मानसिक इच्छाओं की पूर्ति होती है। शर्मा ने बताया कि गुप्त नवरात्र में गुप्त विधाओं, तंत्र साधनाओं का महत्व बताया गया है, इसी कारण इसे गुप्त नवरात्रा कहते हैं।

## मेकर्स ने दी शूटिंग शुरू होने की जानकारी

# 'अल्फा' होगा आलिया भट्ट की स्पाई यूनिवर्स का टाइटल

बेधड़क | जयपुर



यशराज फिल्म्स को स्पाई यूनिवर्स रास आ गई है। इस यूनिवर्स की अब तक की सभी मूवीज प्रोडक्शन हाउस के लिए फायदे का सौदा रही है।

यही कारण है कि वे एक के बाद एक ऐसी मवीज बनाते जा रहे हैं। सक्सेज मूवीज के सीक्वल ला रहे हैं। वॉर, पठान और टाइगर के बाद अब निर्माता आदित्य चौपड़ा अपनी स्पाई यूनिवर्स में एक और फीमेल स्टार की सोलो एंट्री करने जा रहे हैं। यह स्टार हैं आलिया भट्ट। यह मूवी अनाउंस तो पहले कर दी गई थी, लेकिन इसका टाइटल रिवील नहीं किया गया था। शुक्रवार को मेकर्स ने बताया कि इसका टाइटल अल्फा होगा। इसके साथ ही मेकर्स ने टाइटल अनाउंस वीडियो में यह भी बताया कि फिल्म की शुटिंग शुरू हो चुकी है।

इस फिल्म में आलिया भट्ट फुल एक्शन रोल में नजर आएंगी। उनके साथ अल्फा में एक्ट्रेस सरवरी भी नजर आएंगी। मूवी का डायरेक्शन शिव रवैल कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स की स्पाई यनिवर्स की सीरीज में शाहरुख खान सलमान खान और ऋतिक रोशन के साथ ही जोन अब्राहम और कैटरीना कैफ अपना जादू दिखा चुके हैं। टाइगर 3 और पठान में सलमान और शाहरुख की एक दूसरे की फिल्म में एंट्री हो चुकी है।

## जेकेके में हुआ लोक गीत संध्या का आयोजन

# मायड़ भाषा के लालित्य और लोक संस्कृति से सराबोर रहा 'मधुरम'



बेधड़क | जयपुर

जवाहर कला केन्द्र की ओर से मधुरम के अंतर्गत शुक्रवार को लोक गीत संध्या का आयोजन किया गया। मालपुरा, टोंक से पधारे रामकुमार मालूणी व समूह के कलाकारों ने सुरीली आवाज और मधुर संगत के साथ मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी। श्रोताओं ने क्षेत्रीय बोली में मधुर गीतों का आनंद उठाया। यह प्रस्तुति मायड़ भाषा के लालित्य और लोक संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर करने वाली रही। गणेश वंदना के साथ प्रथम पूज्य को नमन कर रामकुमार मालूणी ने प्रस्तुति की शुरुआत की। रामकुमार ने 'गाज्यो गाज्यो जेठ आषाढ़' गीत में लोक देवता तेजाजी की महिमा का बखान किया। 'अमृत है हरी नाम जगत में' के बाद 'कोनी पेरूली थारो चूड़ो रे राणा जी थारो देशड़लो रंग रूड़ो' भजन से मीरा बाई की वाणी से सभी को रूबरू करवाया। 'कंचन वन काया' गाकर उन्होंने मानव जीवन की सच्चाइयों को जाहिर किया। 'ओ धोरां आलो देश' गाकर सभी को राजस्थान के रंगों से रंगा। तबले पर महेंद्र झा, ढोलक पर हेमंत भारती, की-बोर्ड पर विशाल भारती, ऑक्टोपैड पर अजय प्रजापति ने संगत की। पप्पू प्रजापति सह गायक रहे। यह आयोजन केन्द्र द्वारा जुलाई माह में शुरू होने वाली श्रृंखला 'जुलाई झनकार' का हिस्सा है। जुलाई झनकार के दौरान मानसून को केंद्र में रखकर विभिन्न प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

**विशेष आयोजन** | 9 स्थानों पर दिगम्बर जैन संतों के चातुर्मास तय

# जैन नगरी में चार माह तक बहेगी धर्म और ज्ञान की गंगा

बेधड़क | जयपुर

जैन नगरी के नाम से विख्यात जयपुर में चार माह तक धर्म और ज्ञान की गंगा बहेगी। इस दौरान शहर में 9 स्थानों पर दिगम्बर जैन संतों के चातुर्मास होंगे। अब तक 8 स्थानों पर दिगम्बर जैन संतों के चातुर्मास तय हो गए हैं। मीरा मार्ग दिगम्बर जैन मंदिर में भी 6 संतों का इस वर्ष का चातुर्मास होने की पूरी पूरी संभावना है। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुताबिक जैन संत चातुर्मास में जीव हिंसा से बचने के लिए चार माह तक एक स्थान पर रहकर त्याग तपस्या करते हुए अपने स्वयं की आत्मा के कल्याण के साथ जन कल्याण भी करते हैं। इस दौरान जैन मंदिरों एवं चातुर्मास स्थलों पर लगातार धार्मिक एवं सामाजिक सेवा की गतिविधियां होती है।

**किस दिन, कहां पर होगा चातुर्मास:** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर ससंघ का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश 25 जुलाई को होगा। प्रतापनगर के सैक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में उपाध्याय उर्जयन्त सागर का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 12 जुलाई को प्रातः 8:15 बजे होगा। कीर्तिनगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि समत्व सागर एवं मुनि शील सागर ससंघ का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश 18 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे होगा। मानसरोवर में मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि प्रणम्य सागर, मुनि नीरज सागर, निर्मद सागर, क्षुल्लक अनुनय सागर, सविनय सागर, समन्वय सागर ससंघ का चातुर्मास प्रस्तावित है। मुनि संघ का मंगल विहार खजुराहो से जयपुर मीरा मार्ग की ओर चल रहा है। थड़ी मार्केट के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास के लिए उपाध्याय वृषभानन्द का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 14 जुलाई को होगा। मुनि महिमा सागर महाराज ससंघ का वर्ष 2024 का चातुर्मास के लिए श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में मंगल प्रवेश 9 जुलाई को होगा। इसी प्रकार आचार्य नवीन नन्दी का अजमेर रोड पर दहमीकलां के दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास होगा। गणिनी आर्यिका नंगमति माताजी ससंघ का टोंक रोड पर नांग्लया बीलवा के विमल परिसर में 47 वां वर्षायोग होगा। इसके लिए मंगल कलश स्थापना 7 जुलाई को होगी। बरकतनगर के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर एवं णमोकार भवन में मुनि अर्चित सागर का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश शुक्रवार 12 जुलाई को होगा। चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह रविवार 21 जुलाई को होगा।



पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शनिवार, 06 जुलाई, 2024





सही कर्म वह नहीं है जिसके परिणाम हमेशा सही हो, बल्कि सही कर्म वह है, जिसका उद्देश्य कभी भी गलत न हो।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### ब्रिटेन में 14 साल बाद लेबर पार्टी ने कंजर्वेटिव से छीना राजपाट

# ब्रिटेन के 58वें प्रधानमंत्री बने कीर स्टार्मर



**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन में कीर स्टार्मर की अध्यक्षता वाली लेबर पार्टी ने संसद के निचले सदन में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद लेबर पार्टी से चुनाव हार गई। इसके कुछ घंटे बाद भारतवंशी ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी के 61 साल के कीर स्टार्मर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। पार्टी ने कुल 650 सीटों में से 412 जीत दर्ज की है। हार के बाद सुनक ने पत्नी अक्षता के साथ 10 डाउनिंग स्ट्रीट छोड़ दिया।

कीर स्टार्मर ने कहा है कि मैं अभी बकिंघम प्लेस से लौटा हूं। मैंने इस महान देश की सरकार बनाने के लिए किंग के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। मैं ऋषि सुनक को उनके पहले एशियन मूल के पीएम बनने के लिए धन्यवाद देता हूं। उसके लिए जो उन्होंने अतिरिक्त मेहनत की है, उसे नकारना नहीं चाहते। हम उनकी मेहनत को सलाम करते हैं। इससे पहले सर कीर स्टार्मर ने बकिंघम पैलेस पहुंच कर किंग चार्ल्स से मुलाकात की है। सुनक के इस्तीफे के बाद किंग ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया था।



### पीएम मोदी ने दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि यूके के आम चुनाव में उल्लेखनीय जीत पर कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

### पत्नी विक्टोरिया के साथ 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे नए ब्रिटिश PM

## 'ईंट से ईंट जोड़कर दोबारा मजबूत बनाएंगे देश'



ब्रिटेन की वामपंथी लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक आम चुनाव में जीत हासिल कर ली है। उसने कंजर्वेटिव पार्टी को भारी अंतर से हराया है। लेबर पार्टी के नेता 61 वर्षीय कीर स्टार्मर ब्रिटेन के 58वें पीएम बन गए हैं। पिछले पांच कंजर्वेटिव प्रधानमंत्रियों में से केवल तीन ही सीधे तौर पर चुने गए थे। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर जीत के बाद अपनी पत्नी विक्टोरिया के साथ अपने आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे। वहां अपने पहले भाषण के दौरान स्टार्मर ने कहा कि देश ने बदलाव के लिए वोट किया है और यह समय सब कुछ फिर से शुरू करने का है।

कीर स्टार्मर ने कहा कि हमारा काम बेहद जरूरी है और इसलिए इसकी शुरुआत आज से ही होगी। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर बतौर प्रधानमंत्री अपने पहले संबोधन में कीर स्टार्मर ने वादा किया कि वो देश में अवसरों के इंफ्रास्ट्रक्चर को ईंट से ईंट जोड़कर खड़ा करेंगे। उन्होंने अपने पहले भाषण में स्कूलों और सस्ते घरों की जरूरत की बात करते हुए कहा कि ये सभी चीजें ऐसी हैं जो मेरे जैसे मिडिल क्लास लोगों की जिंदगी में बहुत अहम हैं। स्टार्मर ने अपने भाषण के दौरान बेहद अहम कही। उन्होंने कहा कि देश को बड़े रीसेट की जरूरत है और उनकी सरकार सिद्धांतों के बोझ से मुक्त होगी। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि हमारे देश को एक बड़े रीसेट की जरूरत है.... जरूरत है कि हम अपनी असली पहचान को जानें. अब से आपके पास सिद्धांत से मुक्त एक सरकार है, जो केवल आपके हित की सेवा करेगी। उन्होंने कहा कि वो देश में बड़े बदलाव करेंगे और इसकी शुरुआत जल्द होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में बदलाव एक बड़ा काम है जिसमें वक्त लग सकता है. साथ ही उन्होंने ऋषि सुनक की सरकार के काम के लिए उनकी सराहना भी की।

## कौन हैं कीर स्टार्मर

2 सितंबर 1962 को लंदन में एक नर्स और औजार बनाने वाले कारीगर के घर में जन्मे कीर स्टार्मर का बचपन मिडिल क्लास परिवार में बीता। उनके पिता रोडने स्टार्मर लेफ्टिस्ट थे, जिसके कारण उन्होंने अपने बेटे का नाम लेबर पार्टी के संस्थापक कीर हार्डी के नाम पर रखा। स्टार्मर को पढ़ाई और खेलकूद में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ग्रामर स्कूल का सुपरबॉय कहा जाता था। स्टार्मर के जीवन में एक वक्त ऐसा भी आया जब पढ़ाई के दौरान उन्हें वैश्यालय के छत पर बने एक कमरे में रहना पड़ा था। कीर स्टार्मर का बचपन उनकी मां जोसेफिन की बीमारी के कारण बेहद कठिन रहा। उनकी मां को एक दुर्लभ बीमारी हो गई थी जो ऑर्थराइटिस जैसी थी। उनकी हड्डियां इतनी कमजोर हो गई थीं कि वे मुश्किल से चल पाती थीं। जीवन के आखिरी दिनों में उनकी मां को काफी दर्द सहना पड़ा। स्टार्मर ने कई बार बताया है कि उनकी मां की बीमारी ने उनके बचपन को बहुत बुरा बना दिया था। महज 16 साल की उम्र में कीर स्टार्मर लेबर पार्टी के यूथ विंग 'यंग सोशलिस्ट' से जुड़ गए। उन्होंने लीड्स यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई के लिए एडमिशन लिया और अपने परिवार में यूनिवर्सिटी जाने वाले पहले व्यक्ति बने। लीड्स यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई के लिए लंदन आए तो उनके पास ज्यादा पैसे नहीं थे। इसके चलते उन्हें वैश्यालय की छत पर बने कमरे में रहना पड़ा। लीड्स यूनिवर्सिटी से बैचलर्स डिग्री के बाद ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से सिविल लॉ में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। वकालत के दौरान उनकी मुलाकात नेशनल हेल्थ सर्विस की लीगल टीम में काम करने वाली विक्टोरिया से हुई।विक्टोरिया और कीर की मुलाकात एक केस के सिलसिले में हुई थी, जहां विक्टोरिया ने स्टार्मर को गुस्से में कहा था कि ये खुद को समझता क्या है। बाद में स्टार्मर ने माफी मांगी और डेट पर जाने का प्रस्ताव दिया।


## इजराइली हमले में मारे गए 7 जने

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन के उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर में इजराइली हवाई हमले और गोलीबारी में सात फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि एक इजराइली ड्रोन ने जेनिन शिविर में युवाओं के एक समूह को निशाना बनाया और इज़रायली सेना ने फ़िलिस्तीनी आतंकवादियों की ओर से की गयी गोलीबारी पर जवाबी कार्रवाई करते हुए जेनिन के पश्चिम में एक घर को घेर लिया।

### किसी भी समूह ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

# पाक में विस्फोट, तीन की मौत, आठ घायल

**एजेंसी** | इस्लामाबाद



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। वहां की पुलिस के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। खैबर पख्तूनख्वा पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में हिंसा से ग्रस्त प्रांत है। यह विस्फोट प्रांत के मर्दन जिले के तख्त-ए-बही इलाके में एक पुल पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट में पुलिसकर्मियों सहित आठ अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी मर्दन जहूर बाबर अफरीदी ने मीडिया को इस बारे में जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट का निशाना पुलिस अधिकारी ही थे। विस्फोट तब हुआ, जब पुलिस का एक वाहन पुल के ऊपर से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुल पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाया गया था। विस्फोट के बाद बचाव दल, पुलिस और सुरक्षा बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को पास के अस्पताल ले गए।

### सऊदी सरकार की नई वीजा पॉलिसी

# भारतीयों के लिए मल्टीपल वीजा ऑफर

**एजेंसी** | रियाद

सऊदी भारतीय यात्रियों को पर्यटक वीजा विकल्पों की एक नई सीरीज की पेशकश के साथ आकर्षित करने की कोशिश की है। इससे भारतीय आसानी से सऊदी का वीजा पा सकते हैं और घूम सकते हैं। सऊदी सरकार ने स्टॉपओवर वीजा, ईवीजा सर्विस और वीजा ऑन अराइवल की सुविधा दी है। इन वीजे से पर्यटक रियाद और जेद्दा जैसे शहरों के साथ ही लाल सागर और अल-उला जैसे प्राचीन शहर घूम सकेंगे। सऊदी की ओर जारी नई गाइडलाइन और वीजा के विकल्प अलग-अलग तरह की यात्रा जरूरत को पूरा करने के मकसद से तैयार किए गए हैं। साथ ही ये पर्यटकों को सऊदी में घूमने के लिए बुलाने की कोशिश भी है। इस समय मुंबई, दिल्ली, कोच्चि, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलोर, लखनऊ, कोलकाता और कालीकट में 10 वीजा सुविधा केंद्र हैं। कई दूसरे शहरों में भी ऐसे केंद्र बनाने की योजना है। यह सऊदी विजन 2030 के तहत है। इसका लक्ष्य 2030 तक 75 लाख भारतीय यात्रियों को सऊदी बुलाना चाहता है। सऊदी इस समय भारत को बड़े पर्यटक बाजार के तौर पर देख रहा है। सऊदी का 2024 के आखिर तक विजिटर्स की संख्या को दोगुना कर 22 लाख करने का लक्ष्य है।



### उमरा करने के लिए भी वीजा मान्य

वीजा ऑन अराइवल का विकल्प भी सऊदी दे रहा है। एंट्री टिकटों के साथ अमेरिका, ब्रिटेन या शेंगेन देशों से वैध पर्यटक या व्यावसायिक वीजा के समान मानदंडों को पूरा करने वाले यात्री सऊदी में एयरपोर्ट पर वीजा पा सकते हैं। इन देशों में स्थायी निवास वाले लोग सऊदी हवाई अड्डों पर स्वयं-सेवा कियोस्क या पासपोर्ट कार्यालयों में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। जो लोग उपर्युक्त मानदंडों के तहत पात्र नहीं हैं वे भारत में ताशीर केंद्रों के माध्यम से वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें दस्तावेज तैयार करना, अपॉइंटमेंट बुकिंग, आवेदन जमा करना, बायोमेट्रिक नामांकन और पासपोर्ट संग्रह शामिल है। ये सभी वीजा उमरा करने के लिए भी मान्य हैं।

### ऐसे ले सकते हैं वीजा

भारतीय यात्री अब सऊदी के स्टॉपओवर वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो 96 घंटे तक के लिए वैध है और इसे प्रशासन और बीमा सेवाओं के लिए मामूली शुल्क पर सऊदी एयरलाइन की वेबसाइट पर 90 दिन पहले प्राप्त किया जा सकता है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम या किसी शेंगेन देश से वैध पर्यटक या व्यावसायिक वीजा रखने वाले भारतीय, प्रवेश के स्टांप प्रमाण के साथ ईवीजा के लिए पात्र हैं। आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रस्थान से पहले ईवीजा प्राप्त किया जा सकता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl